

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



ईशा तलवार को सास बहू ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शुक्रवार, 05 मई 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 134 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/-रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड- SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड-133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## सीमा विवाद को सुलझाए बिना रिश्ते सुधरने वाले नहीं, चीन के विदेश मंत्री को जयशंकर का दो टूक

बेनोलिम (गोवा)। एससीओ बैठक में हिस्सा लेने के लिए आये चीन के विदेश मंत्री शी गांग के साथ गुरुवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने द्विपक्षीय मुलाकात की और इस दौरान उन्होने भारत की वहीं पक्ष रखा जो ठीक दो महीने पहले कहा था। यानी जब तक सीमा विवाद को सुलझा नहीं लिया जाता तब तक द्विपक्षीय रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। एक सप्ताह पहले राजनाथ सिंह ने साफ किया था रूखः यही बात ठीक एक हफ्ते पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू से कही थी और उसके पहले 02 मार्च, 2023 को जयशंकर और गांग के बीच जी को-20 विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान हुई बातचीत में भी भारत ने यही रूख दिखाया था।



### पहले कई बार चीन को स्पष्ट सुना चुके हैं विदेश मंत्री

दरअसल, इसके पहले भी जयशंकर कई मौकों पर यह कह चुके हैं कि भारत और चीन के बीच स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्थिति चिंतापूर्ण है। दूसरी तरफ, चीन की तरफ से इस विवाद को परे रख कर द्विपक्षीय रिश्तों को सामान्य बनाने की कोशिश की जाती है। पिछले हफ्ते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ इसी तरह की बैठक में चीन के रक्षा मंत्री शांगफू ने सैन्य सहयोग का प्रस्ताव पेश किया था जिसे भारत ने मौके पर ही खारिज कर दिया। साथ ही चीन के रक्षा मंत्री को दो टूक कहा कि मौजूदा समझौतों को तोड़ने की चीन की कोशिशों की वजह से दोनो देशों के समूचे द्विपक्षीय रिश्तों पर पड़ा है। भारतीय रक्षा मंत्री ने शांगफू के साथ हाथ तक नहीं मिलाया था। इसके उल्टे चीन के रक्षा मंत्रालय ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में बताया था कि सीमा पर स्थिति मोटे तौर पर शांतिपूर्ण बनी हुई है और दोनो देशों को सीमा विवाद को ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाहिए।

## बजरंग दल पर प्रतिबंध के मुद्दे को लेकर भाजपा नेता ईश्वरप्पा ने जलाया कांग्रेस का घोषणापत्र

कलबुर्गी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता के एस ईश्वरप्पा ने बृहस्पतिवार को यहां कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र की एक प्रति जलाई और कर्नाटक में सत्ता में आने पर बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का वादा करने को लेकर विपक्षी दल को आड़े हाथ भी लिया। बजरंग दल को एक 'देशभक्त संगठन' बताते हुए, पूर्व उपमुख्यमंत्री ने सवाल किया, ''बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात करने की उनकी (कांग्रेस की) हिम्मत कैसे हुई।'' कांग्रेस ने कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में कहा कि




वह जाति और धर्म के आधार पर समुदायों के बीच नफरत फैलाने वाले व्यक्तियों और संगठनों के खिलाफ कड़ी और निर्णायक कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस ने घोषणापत्र में कहा है, ''हमारा मानना है कि कानून और संविधान पवित्र हैं। कोई व्यक्ति या बजरंग दल, पीएफआई और नफरत एवं शत्रुता फैलाने वाले दूसरे संगठन, चाहे वह बहुसंख्यकों के बीच के हों या अल्पसंख्यकों के बीच के हों, वे कानून और संविधान का उल्लंघन नहीं कर सकते। हम ऐसे संगठनों पर कानून के तहत प्रतिबंध लगाने समेत निर्णायक कार्रवाई करेंगे।'' कांग्रेस पर निशाना साधते हुए ईश्वरप्पा ने इसे ''(पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना की) मुस्लिम लीग का घोषणापत्र'' करार दिया। पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस के नेता डी के शिवकुमार और सिद्धरमैया पर समुदायों के बीच नफरत फैलाने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा, ''हमें पहले इन दोनों नेताओं को गिरफ्तार करना चाहिए। उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।'' कांग्रेस नेताओं पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, ''डी के शिवकुमार (प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष) कहते हैं कि पूरा वोक्कालिगा समुदाय उनके पीछे है और वह मुख्यमंत्री बनेंगे। सिद्धरमैया कहते हैं कि पूरी पिछड़ी जाति उनके साथ हैं और वह मुख्यमंत्री बनेंगे।

## ऑपरेशन कावेरी का 9वां दिन, सूडान से 3584 भारतीयों को निकाला जा चुका है

हिंसाग्रस्त सूडान से अपने नागरिकों को वापस लाने के भारत के अभियान 'ऑपरेशन कावेरी' के तहत भारतीयों की वतन वापसी का अभियान जारी है। भारतीय दूतावास ने ट्वीट करते हुए कहा कि ऑपरेशन कावेरी का 9वां दिन। एल फशीर में फंसे भारतीयों को लाने का सबसे कठिन कार्य आज पूरा हो गया। भारतीय दूतावास ने अपने संसाधनों को जुटाया और 1800 किमी से अधिक की कठिन यात्रा पर अपने नागरिकों के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए संघर्ष क्षेत्रों में विभिन्न हितधारकों के साथ समन्वय किया। रत ने हिंसा से प्रभावित सूडान से अपने नागरिकों को निकालने के लिए पिछले सप्ताह 'ऑपरेशन कावेरी' शुरू किया था। पश्चिमी सूडान में एल फशीर से 80 भारतीयों को लेकर दो बसें 48 घंटे से अधिक समय तक यात्रा करने के बाद सुरक्षित रूप से पोर्ट सूडान (सूडान के पूर्व) पहुंचीं। आज तक सूडान से 3584 भारतीयों को निकाला जा चुका है। भारत के दूतावास ने सूडान के विभिन्न हिस्सों से पोर्ट सूडान तक पहुंचने के लिए 67 बसों की आवाजाही की सुविधा प्रदान की। अब तक भारतीय 5 भारतीय नौसेना के जहाजों और 16 भारतीय वायु सेना के विमानों का उपयोग करके पोर्ट सूडान से बाहर चले गए हैं, जिसमें वाडी सैय्यदना सैन्य हवाई अड्डे से एक भी शामिल है।



## एफआईआर हो गई, सुरक्षा मिल गई, अब कुछ चाहिए तो...एससी ने बंद की पहलवानों की याचिका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कई महिला पहलवानों द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोपों के संबंध में भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की याचिका पर कार्यवाही बंद कर दी। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जेबी पारदीवाला की पीठ ने कहा कि एक प्राथमिकी पहले ही दर्ज की जा चुकी थी और दिल्ली पुलिस ने ऐसा करने के लिए शीर्ष अदालत के निर्देश के बाद शिकायतकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान की थी। पहलवानों की याचिका के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिका का उद्देश्य पूरा हो गया है क्योंकि प्राथमिकी दर्ज की गई है और पहलवानों को सुरक्षा प्रदान की गई है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि अगर याचिकाकर्ता कुछ और चाहते हैं, तो वे मजिस्ट्रेट या उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में जा सकते हैं। सुनवाई के दौरान भारत सरकार के सॉलीसिटर जनरल ने पीठ को बताया कि कोर्ट ने शिकायतकर्ता को सुरक्षा का निर्देश दिया था। नाबालिग शिकायतकर्ता को पर्याप्त सुरक्षा दी गई है। सादे कपड़ों में पुलिस वाले सुरक्षा दे रहे हैं, जिससे पहचान न उजागर हो। बाकी 6 को खतरा नहीं पाया गया लेकिन उनको भी सुरक्षा दी गई। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को फटकार लगाते हुए पूछा कि अब तक सभी पीड़िताओं के बयान क्यों दर्ज नहीं किए गए। इतना ही नहीं कोर्ट ने पूछा कि कब इनके बयान मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज कराए जाएंगे।



## शरद पवार के अचानक इस्तीफे के बाद राहुल गांधी ने सुप्रिया सुले को किया फोन, कहा- फैसला वापस लेने को मनाएं

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार के एनसीपी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के फैसले से स्तब्ध नजर आए। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शरद पवार की बेटी और लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख के रूप में अनुभवी राजनीतिक नेता के इस्तीफे पर बात की। विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुले के साथ बातचीत में उन्होंने पवार से उनका इस्तीफा वापस लेने की बात कहने का आग्रह किया है। मंगलवार को एक चौंकाने वाली घोषणा में पवार ने अपने इस्तीफे की घोषणा की और एक समिति का नाम दिया और अपने उत्तराधिकारी को चुनने का काम सौंपा। एक कार्यक्रम में की गई घोषणा ने 24 साल पुरानी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को स्तब्ध कर दिया। पार्टी के कई कार्यकर्ता रोते और गिड़गिड़ाते हुए देखे गए कि पवार को अपना फैसला वापस लेना चाहिए। बाद में दिन में, अजीत पवार ने घोषणा की कि उनके चाचा को उनके फैसले पर ष्सोचनेष के लिए दो से तीन दिन की आवश्यकता होगी। शरद पवार पार्टी पदाधिकारियों सहित लोगों से मिलने की अपनी दिनचर्या पर अड़े रहे। पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने संवाददाताओं से कहा कि पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेताओं और समर्थकों से बार-बार अपील करने के बावजूद शांत नहीं हुए हैं कि वह अपना पद छोड़ने का फैसला वापस ले लें। ऐसी अटकलें हैं कि सुप्रिया सुले राष्ट्रीय अध्यक्ष और श्री पवार के भतीजे अजीत पवार महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख के रूप में उभरी हैं।



## बृजभूषण के पक्ष में काम कर रही पुलिस, पहलवानों ने कहा- जब तक कार्रवाई नहीं होती, धरना जारी रहेगा

नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर पहलवानों का धरना आज जारी है। पहलवानों की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई भी हुई। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के बाद ओलंपियन विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान दोनों ने सुप्रीम कोर्ट का शुक्रिया करते हुए साफ तौर पर कहा कि जब तक कार्रवाई नहीं होती है हमार धरना जारी रहेगा। विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया की ओर से कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट ने अभी तक जो किया है हम उसके शुक्रगुजार हैं। सुप्रीम कोर्ट में आज हमारी सुनवाई थी, सुप्रीम कोर्ट ने जो भी आदेश दिया है हम उसका पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हमआगे दिल्ली हाईकोर्ट सहित बाकी के रास्ते हैं जहां जा सकते हैं।




## अर्जुन का ध्यान अपने निशाने से बिल्कुल नहीं भटकता था, आखिर कर्नाटक में क्यों बोलीं प्रियंका गांधी

बंगलुरु । कर्नाटक चुनाव को लेकर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी लगातार पार्टी के लिए प्रचार कर रही है। आज उन्होंने कनकगध्रि में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। प्रियंका गांधी ने कहा कि आजकल सिलेंडर 1100 से लेकर 1200 रुपए हो गया है और आप उसे ही नहीं खरीद पा रही हैं, दाल, आटा, सब्जियां, फल सभी चीजें महंगी हैं इसमें से आधी चीजे आप खरीद ही नहीं पाती होंगी। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि ये सब आपके साथ इसलिए हो रहा है क्योंकि एक भ्रष्ट सरकार भ्रष्ट नीतियां बना रही हैं उनकी नीतियों में आपका हित नहीं है। प्रियंका गांधी ने कहा कि अर्जुन का ध्यान अपने नध्शिाने से बध्लिकुल नहीं भटकता था। कर्नाटक के बहनों और भाइयों, आप अर्जुन बन जाओ। उन्होंने कहा कि अपना ध्यान अपने भवध्ष्यि पर रखो, अपनी समस्याओं पर, अपने वध्किास पर, अपने बच्चों के भवध्ष्यि पर रखो... उसे भटकने मत दो। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार 3 साल से सत्ता में है। जब भी कोई नई सरकार आती है तो वह एक नई पहचान बनाने की कोशिश करती है। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि क्या यह दुखद और शर्मनाक नहीं है कि कर्नाटक बीजेपी को ष40ः सरकारष के रूप में जाना जाता है? कांग्रेस नेता ने दावा किया कि यह नाम किसी पार्टी ने नहीं, बल्कि उन ठेकेदारों ने दिया है, जिन्हें खुदकुशी के लिए मजबूर किया गया। वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा विजयनगर साम्राज्य के श्री कृष्णदेवराय द्वारा निर्मित प्राचीन कामकागिरी मंदिर पहुंची। इससे पहले प्रियंका ने कहा था कि नरेंद्र मोदी को उनके लोग सर्वशक्त्तध्मिान, सर्वोपरि, सर्वश्रेष्ठ, वध्किास पुरुष बताते हैं। मोदी जी कर्नाटक में आकर कहते हैं- मेरा सपना था, कर्नाटक को देश में वध्किास की मध्सिाल बनाऊं। उन्होंने कहा कि ताज्जुब की बात है- कर्नाटक में ठश्रच की सरकार थी तो मोदी जी ने यह सपना पूरा क्यों नहीं कध्यिा? आप तो सर्वोपरध्ि हैं, सर्वश्रेष्ठ हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े 3 सालों में उन्होंने (बीजेपी) कर्नाटक से डेढ़ लाख करोड़ रुपए लूटे हैं।




## किश्तवाड़ में दुर्घटनाग्रस्त हुआ सेना का ध्रुव हेलीकॉप्टर, तीन लोग थे सवार, सभी सुरक्षित

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में मारवाह तहसील के मछना गांव के पास गुरुवार को सेना का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के वक्त हेलिकॉप्टर में तीन लोग सवार थे। सेना के अधिकारी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक सेना का ALH ध्रुव हेलीकॉप्टर किश्तवाड़, जम्मू-कश्मीर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलटों को चोटें आई हैं लेकिन वे सुरक्षित हैं।








## बेटी बचाओ बस ढोंग है, जंतर-मंतर की घटना पर बोले राहुल गांधी, ऐसा बर्ताव बहुत ही शर्मनाक है

नई दिल्ली। जंतर मंतर पर प्रदर्शनकारी पहलवानों और दिल्ली पुलिस के बीच हाथापाई के कुछ घंटों बाद, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत की बेटियों पर अत्याचार करने का आरोप लगाते हुए भाजपा पर तीखा हमला किया। ट्विटर पर राहुल ने कहा कि देश के खिलाड़ियों के साथ इस तरह का व्यवहार बहुत शर्मनाक है। श्बेटी बचाओश सिर्फ एक बकवास है! वास्तव में, भाजपा भारत की बेटियों पर अत्याचार करने से कभी पीछे नहीं हटी।

वहीं प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी ट्वीट करते हुए कहा कि अपनी कड़ी मेहनत और लगन से देश व अपने परिवार का नाम रोशन करने वाली महिला खिलाड़ियों के आंसू देखकर बहुत दुख होता है। इनकी सुनवाई हो और न्याय दिया जाए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी पहलवानों और पुलिस के बीच हाथापाई को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। देश के चौंपियन खिलाड़ियों के साथ ऐसा दुर्व्यवहार? यह बहुत ही दुखद और शर्मनाक है। अहंकार ने भाजपा के दिमाग पर कुठाराघात कर दिया है। ये लोग पूरे सिस्टम को गुंडागर्दी से चलाना चाहते हैं। उन्होंने पूरे सिस्टम का मजाक बना दिया है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी महिला पहलवानों के समर्थन में सामने आईं और कहा कि मैं एक इंसान के रूप में निश्चित रूप से हमारे पहलवानों के साथ खड़ी हूं। इस तरह से हमारी बेटियों के सम्मान को ठेस पहुंचाना बेहद शर्मनाक है। भारत अपनी बेटियों के साथ खड़ा है और मैं एक इंसान के रूप में निश्चित रूप से हमारे पहलवानों के साथ खड़ा हूं। कानून सभी के लिए एक है।



# भारतीय किसान यूनियन का धरना विकास खण्ड बभनजोत परिसर मे आज 36वें दिन भी जारी

दैनिक बुद्ध का संदेश

मनकापुर,गोण्डा। भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले प्रदेश सचिव किसन विहारी वर्मा के नेतृत्व मे विकास खण्ड बभनजोत मे 13 सूत्रीय मांग को लेकर पुनः धरना अनावरत धरना जारी हैं जिसमे जिला अध्यक्ष गोण्डा बंस राज वर्मा ने कहा कि यह धरना प्रदर्शन 13 सूत्रीय मांग को लेकर 6मार्च 2023 को विकास खण्ड परिसर बभनजोत मे शुरू हुवा था जोकि उप जिला अधिकारी मनकापुर के द्वारा 13 मार्च को धरना स्थल पर उपस्थित होकर समस्या समाधान के आश्वासन पर 29 मार्च तक के लिए यूनियन द्वारा धरना स्थगित किया गया था लेकिन जब निर्धारित अवधि तक समस्या




का समाधान नहीं किया गया जिसमे एक बिंदु खघ्ड़ंजा लगवाने के मामले मे केवल मिट्टी की पटाई उप जिलाअधिकारी मनकापुर द्वारा किया गया जिसमे खड़ंजा नहीं लग पाया हैं बाकि 12 मांगे अभी बाकि हैं इन मांगो के न पूरा होने पर पुनः उसी बिंदुवो को लेकर 30मार्च 2023 को धरना यूनियन द्वारा जारी किया गया। प्रदेश सचिव किसन विहारी वर्मा ने बताया कि हमा लोगो के धरना का आज 36 वां दिन हैं अगर हम लोगो के समस्या का प्रशासन द्वारा समाधान नहीं किया गया तो हम लोगो ने आपस मे बैठकर निर्णय लिया गया हैं कि यह धरना 6 मई 2023 को प्रदेश स्तरीय महा पंचायत मे तब्दील किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन कि होंगी। हमारे यूनियन के मांग प्रमुख रूप से हमारे यूनियन के टोपी पर अभद्र भाषा का प्रयोग प्रधान प्रतिनिधि गोमती प्रशाद यादव ने किया था उन पर उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जल्द से जल्द कार्यवाही किया जाय, छुट्टा जानवर को पकड़ कर गौशाला मे भेजा जाए, और क्षेत्रीय लेखपाल गिरीश चंद्र श्रीवास्तव का स्थान तरण किया जाय समेत 13 बिन्दुओ पर मांगे हैं।

## निकाय चुनाव में मतदान करने आए दिव्यांग को पुलिस ने दिया सहारा पहुंचाया मतदान स्थल

दैनिक बुद्ध का संदेश

अलावल देवरिया,गोंडा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा आकाश तोमर के निर्देशन में कटरा बाजार अंतर्गत मतदेय स्थल भारती इंटर कॉलेज में मत का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने हेतु आए



दिव्यांग के जज्बे के सराहना कर गोंडा पुलिस ने दिया सहारा। पुलिस ने कहा सेवा ही सद्भाव हमारा बृहस्पतिवार को जिले में निकाय चुनाव का मतदान होना था। जिसमें कटरा बाजार क्षेत्र के 1 दिव्यांग व्यक्ति मतदान करने आया जिसे देखकर वहां मौजूद पुलिसकर्मियों का दिल पिघल गया पुलिसकर्मियों ने उसे हाथों हाथ उठाकर मतदान स्थल तक ले गए और उक्त व्यक्ति ने मतदान किया इस कार्य को देखकर वहां मौजूद सभी लोगों ने पुलिस की सराहना की और कहा कि सभी पुलिस इसी तरह हो जाए तो क्या कहना।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बस्ती में मांगा जनसमर्थन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार के विकास के नए आयाम बना रही तो वही विश्व पटल पर पूरा विश्व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संकट मोचक के रूप में देख रही है। प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद मोहल्लो तक विकास दिखेगा। उक्त बातें प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बस्ती में गुरुवार को राजकीय इंटर कालेज में आयोजित चुनावी जनसभा में कही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा हमने बिना भेदभाव के गरीब कल्याण योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का काम किया। बस्ती जनपद पौराणिक और ऐतिहासिक रूप के साथ साहित्य में भी अपनी अलग छवि बना रखी है। स्वतंत्रता आंदोलन में बस्ती की अहम भूमिका रही ऐसे जनपद में पूर्व की सरकारों किसी प्रकार का कोई विकास नही किया गया पूर्व की सपा बसपा की सरकार ने जनता को सिर्फ ठगने का काम किया। जिस कारण बस्ती पिछड़ा रहा। लेकिन जब से उत्तर प्रदेश में बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के साथ ही बस्ती मेडिकल कॉलेज इंजीनियरींग कालेज व विकास योजना का संचालन तेजी से किया जा रहा है अब किसी को इलाज के लिये बाहर जाकर इलाज कराने की जरूरत नहीं पड़ती। जनता के विश्वास पर डबल इंजन की सरकार खरी उतर रहे और विकास का पहिया तेजी से चल रहा है ऐसे में निकाय चुनाव में भी जनता का सहयोग मिल रहा है।



## विधाक प्रभात कुमार वर्मा ने सतचंडी यज्ञ में किया हवन पूजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोंडा। आदर्श जनता इण्टर अवधेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित चतुर्थ महा सतचंडी यज्ञ एवं श्रीराम कथा के समापन अवसर पर आयोजित दिव्य हवन एवं पूर्णाहुति में विधायक गौरा सम्मिलित होकर हवन पूजन मे भाग लिया। इस अवसर पर प्रबंधक ने स्वलिखित पुस्तक आदर्श सुधा भेंट किया। विधायक गौरा ने अवधेश मिश्रा को इस आत्मीय प्यार एवं सम्मान के लिए हृदयतल से कोटि –कोटि आभार व्यक्त किया।

## वोट डालने का अधिकार नही, वोटर लिस्ट में गायब नाम

दैनिक बुद्ध का सन्देश

लखनऊ। तमाम शिकायतों, आपाधापी और गीला शिकवा के



बीच गुजरा नगर निकाय 2023 का मतदान। वार्ड के अंतर्गत गणेशगंज में सुबह से ही दिनभर सैकड़ो मतदाता वोटर लिस्ट में नाम न मिलने के कारण अपना वोट डालने से वंचित रह गए हद तो तब हो गयी जब एक मतदाता वोट डालने गया तो वोटर लिस्ट में अपना नाम न पाकर उसके घर के मृतकों का नाम वोटर लिस्ट में अंकित था, यही नही एक और माजरा देखने को मिला गणेशगंज क्षेत्र की रहने समाज सेविका रेनू गौर वैशाली गौर अपना वोट डालने के लिए वैदिक कन्या पाठशाला विद्यालय, गनेशगंज के पोलिंग बूथ पर गए तो उनका भी नाम वोटर लिट से गायब मिला। मायूस होकर उन्हें भी बैरंग वापस लौटना पड़ा। नगर निकाय चुनाव एक मजाक बन कर रह गया।

## नव चयनित आशाओं को प्रशिक्षण के बाद दिया गया प्रमाण पत्र

### द्वितीय बैच का आठ दिवसीय प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

अयोध्या। शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में और गति लाने के लिए नव चयनित शहरी आशाओं का द्वितीय बैच का आठ दिवसीय मूलभूत प्रशिक्षण दर्शन नगर प्रशिक्षण केन्द्र में समापन एवम प्रमाण पत्र का वितरण मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा एवम संयुक्त निदेशक , चिकित्सा स्वास्थ्य एवम परिवार कल्याण, अयोध्या मण्डल डा. रमेश कुमार द्वारा किया गया। द्वितीय बैच के मूलभूत प्रशिक्षण में कुल 30 नव चयनित आशा जिसमें 21 जनपद बाराबंकी और 09 जनपद अयोध्या की आशाओं ने प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त किया। उपस्थित नव चयनित शहरी आशाओं की शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने में आशाओं की भूमिका पर बात करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरान्त अब आशाएं सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों और सेवाओं की सभी बच्चों, बड़ो और बुजुर्गों में पंहुच बनाने में आशा स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ के रुप मे अपनी सेवाएं अपने क्षेत्र की आम जनता को बेहतर ढंग से प्रदान कर सकेंगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि आज हम सभी इससे बखूबी वाकिफ हैं की स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों का संचालन और उनकी सफलता की उम्मीद में आशा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो चुकी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहीं सभी नव चयनित शहरी आशाओं को प्रेरित किया कि वो मन से अपने प्रशिक्षण को पूर्ण करें जिससे प्रशिक्षण उपरान्त जब फील्ड में जाएं तो उन्हे किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जनपद बाराबंकी से प्रशिक्षण के लिए आई आशाओं को बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया जिससे वो अपने जनपद में आम शहरी को मूलभूत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हो सकें। संयुक्त निदेशक ने प्रशिक्षण अवसर पर स्वयं एक प्रशिक्षक के बतौर अपने अनुभव और ज्ञान का लाभ आशाओं को दिया। एक प्रशिक्षक के रुप में संयुक्त निदेशक ने आशाओं के ज्ञान और जानकारी मे वृद्धि प्रदान की। प्रशिक्षण समापन व प्रमाण पत्र वितरण अवसर पर अर्बन नोडल डाव वेद प्रकाश त्रिपाठी, मंडलीय स्वास्थ्य समन्वयक चंद्रजीत,अर्बन समन्वयक सुशील के साथ साथ प्रशिक्षक डा. सी पी सिंह, एन बी मिश्रा, डीसीपीएम अमित कुमार व वी पी सिंह उपस्थित रहे।

## मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से होगी गेहूं की खरीद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गौतमबुद्धनगर। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप मोबाइल क्रय केंद्रों के माध्यम से होगी कृषकों के गेहूं की खरीद डीएम के निर्देशों के क्रम में जिला खाद्य विपणन अधिकारी कि जनपद के कृषकों से अपील अब कृषक मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से भी कर सकते हैं अपने गेहूं का विक्रय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप प्रदेश भर के किसानों का गेहूं खरीदने के उद्देश्य से मोबाइल क्रय केंद्र की सुविधा संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से जिन ग्रामीण क्षेत्रों में गेहूं के भाव अपेक्षाकृत कम होते हैं, वहां मोबाइल क्रय केंद्र के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों का गेहूं की खरीद की जाएगी। इसी क्रम में डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में जिला खाद्य विपणन अधिकारी स्मिता श्रीवास्तव ने जनपद के कृषकों का आह्वान करते हुए उन्हें जानकारी दी है कि रबी विपणन वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 रू0ध्कु० निर्धारित है। उन्होंने बताया कि क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा ग्राम प्रधानों, उचित दर विक्रेताओं एवं किसानों से सम्पर्क करते हुए एक ट्रक लोड के समतुल्य गेहूं की उपलब्धता होने की स्थिति में मोबाइल क्रय से गेहूं खरीद की जायेगी। खरीदे गए गेहूं का सम्प्रदान सीधे भारतीय खाद्य निगम डिपो में कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण अंचल में जहां गेहूं के भाव अपेक्षाकृत कम होते है, वहाँ मोबाइल क्रय केन्द्रों के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं क्रय किया जायेगा। ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारीध्सचिव तथा राजस्व विभाग के कर्मचारी यथा लेखापाल, कृषि विभाग व मण्डी परिषद के कर्मचारी इत्यादि के सहयोग से राजकीय क्रय केन्द्रोंध्मोबाइल क्रय केन्द्रों पर गेहूं खरीद की जायेगी। उन्होंने बताया की मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से होने वाली गेहूं खरीद, सामान्य क्रय केन्द्र की भांति किसानों का बायोमेट्रिक सत्यापन कराते हुए की जायेगी। क्रय केन्द्र प्रभारी मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से खरीद की तिथि से ग्राम प्रधान एवं सम्बन्धित उचित दर विक्रेता को सूचित किया जायेगा एवं ग्राम प्रधानध्कोटेदार गांव में स्थित किसानों को मोबाइल टीम के आने की सूचना पूर्व में उपलब्ध करायेंगे। जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने किसान बन्धुओं से अपील की है कि वह अब मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपने गेहूं का विक्रय कर सकते हैं।

# देश की पहली सौर सिटी बनेगी अयोध्या : सीएम योगी

## –राममंदिर का निर्माण पूरा होने पर तक अयोध्या विश्व की सर्वोत्तम नगरी में होगी एक

अयोध्या। राजकीय इण्टर कालेज के मैदान में चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या देश की पहली सौर सिटी बनने वाली है। जिसका मतलब है कि अयोध्या सूर्ववंश की राजधानी है। यहां पर सारी बिजली कहीं और से नहीं सोलर इनर्जी के माध्यम से आयेगी। लोगो की खाली छत उस घर की बिजली की आवश्यकताओं की पूर्ति करेगी। महाविद्यालय, विश्वविद्यालय की छतों पर बिजली जेनरेशन का कार्य होगा। नहरों के किनारे, सरयू मैया किनारे सौर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन का कार्य होगा।उन्होने कहा कि 2017 के पहले अयोध्या का नाम लेने से जो कतराते थे आज उनमें अयोध्या आने की होड़ लगी है। हर व्यक्ति देखना चाहता है कि अयोध्या में क्या हो रहा है। मोदी ने रामजन्मभूमि अभियान को नया स्वरुप दिया। जिसका परिणाम है कि आज रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण का कार्य जब तक पूरा होगा तब तक अयोध्या विश्व की सवोत्तम नगरी होगी।

उन्होने कहा कि अयोध्या विरोधी कहते थे कि परिंद पर नहीं मार सकेगा परन्तु लाखो कारसेवक अयोध्या पहुंच गये थे। जब सपा की सरकार बनी थी तो उसने सबसे पहले रामजन्मभूमि पर हमला करने वाले आतंकियों का मुकदमा वापस लेने का काम किया था। जब हमारी सरकार बनी तो हमने सबसे पहले अवैध बूचड़खानों को बंद करने व एंटी रोमियों स्कार्ट बनाने का कार्य किया। सुरक्षा को हमने प्राथमिकता दी। 2017 से पहले यूपी की पहचान दंगे व उपद्रव से थी। 2017 के बाद यूपी में दंगा बंद हो गया। आज यूपी की पहचान उपद्रव से नहीं बल्कि उत्सव से है। दीपोत्सव ने अयोध्या को उसकी पहचान दिलाने का कार्य किया। उपद्रवी व माफिया की यूपी में कही कोई जगह नहीं है। हमने रामराज्य की परिकल्पनाप को साकार किया। हम तुष्टीकरण नहीं बल्कि सशक्तिकरण की नीति पर चल रहे है। जाति, मजहब देखे बिला योजनाओं का लाभ पात्रों को दिया। उन्होने कहा कि अयोध्या इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन रहा है। परन्तु सपा के लोग एयरपोर्ट नहीं बनने देना चाहते थे।

सपा का नाम विध्वंसक होना चाहिए। यह कभी अच्छा नहीं सोच नहीं रखते। विकास के हर पथ पर रोड़ा लगाने का कार्य करते है। हमारा काम है उस बैरियर को हटाकर विकास को गति देना। अयोध्या में जल्द 25 इलेक्ट्रिक बसों की सेवा प्रारम्भ होगी। उक्त चुनावी जनसभा में पार्टी के अधिकृत उम्मीदवारों के अलावा सांसद लल्लू सिंह, महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्द्र यादव, डा. अमित सिंह चौहान सहित सत्ताधारी पार्टी के अनेक पदाधिकारियों आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री एवं जनपद के प्रभारी सूर्यप्रताप शाही ने भी भाग लिया।

## पांच रूपये शुल्क से मिलेगी पशु पालकों को पशु एम्बुलेंस सेवा

सोहावल–अयोध्या। राज्य सरकार की बीमार पशुओं की घर बैठे इलाज के लिए लखनऊ से संचालित एम्बूलेंस सेवा की शुरुआत सोहावल ग्रामीण क्षेत्र मे शुरु हुई।टोल फ्री 1962 नंबर पर पशुपालक की एक काल करने तथा पांच रूपये की रजिस्टरेशन शुल्क जमा करने पर रूटीन दिन की आठ घंटे की ड्यूटी सेवा क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है।डिप्टी सीबीओ मनोज वर्मा ने बताया कि अधिकतर पशुओं को बीमार तथा टीकाकरण जैसी योजना लेने के लिए पशु पालकों को स्वास्थ्य केंद्रो पर नहीं भटकना पड़ेगा ।शासन की मंशानुरूप बेहतर सेवा के लिए एक वैन मे एक पशु चिकित्सक एटीएस सहित चालक तथा सोहावल से बीमारी से संबधित सभी दवाईयां उपलब्ध रहेंगी।रूदौली सोहावल तथा बीकापुर मिल्कीपुर की कम्बाइंड दो संचालित वाहन में एक एक वाहन चिकित्सक की टीम बारी बारी इमंरजेंसी तथा आठ घंटे की रूटीन मे इलाज सेवा में उपलब्ध रहेंगे स एक अप्रैल से बीमार पशुओं के इलाज की सुविधा शुरू की गयी।पशुपालकों की जानकारी के आभाव के बावजूद लगभग दो सौ पशुओं का इलाज किया जा चुका है।

## नगर निकाय चुनाव की बढ़ी सरगर्मियां

### –चौराहों पर तेज हुई चुनावी चर्चा

मिल्कीपुर–अयोध्या। निकाय चुनाव की तिथि जैसे–जैसे नजदीक आ रही है, वैसे–वैसे चुनावी सरगर्मी बढ़ती जा रही है। नगर के हर गली–मोहल्ला व चौक–चौराहों पर इस समय चुनावी चर्चा का ही दौर चल रहा है। नवसृजित नगर पंचायत कुमारगंज में हर कोई अपने पसंदीदा प्रत्याशी को जिताने का समीकरण बता रहा है।बृहस्पतिवार को दोपहर बाद नगर पंचायत में चुनावी सरगर्मी की हकीकत जानने के लिए जब स्वतंत्र प्रभात की टीम खंडासा मोड़ स्थित एक होटल के पास पहुंची तो वहां पर कई राजनैतिक पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारीयों के अलावा मतदाता भी चाय नाश्ता कर रहे थे। वे आपस में चुनाव मैदान में उतरे राजनैतिक व निर्दलीय प्रत्याशियों की जीत–हार का समीकरण बता रहे थे। पवन कुमार ने कहा कि नगर का विकास व जनता की बात सुनने वाले प्रत्याशी को ही प्राथमिकता देंगे।

अजय बोल पड़े कि ऐसे व्यक्ति को चेयरमैन चुनेंगे, जो केवल वादों तक ही सीमित न रहे, बल्कि कसौटी पर खरा उतरे। भोलू ने तर्क दिया कि ऐसे प्रत्याशी को वोट करेंगे जो साफ–सुथरी छवि वाला हो, पढ़ा–लिखा व जनता के लिए संघर्ष करने वाला हो। दिनेश कुमार ने कहा कि निकाय चुनाव जनता की अपेक्षा का आधार है। योग्य व कर्मठ प्रत्याशी को ही मौका देना चाहिए। वही मौजूद अन्य लोग आपस में चर्चाएं कर रहे थे कि कुछ प्रत्याशियों को छोड़कर अन्य प्रत्याशी के समर्थक नगर पंचायत क्षेत्र के बजाय अन्य क्षेत्र से आकर चुनाव प्रचार प्रसार कर रहे हैं जिनको जनता पहचान ही नहीं रही है वह अपनी पहचान बताकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं। अपने प्रत्याशियों को चुनाव जिताने के लिए तरह–तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। मतदाता भी इन हथकंडे बाज नेताओं को बहुत करीब से देख रही है नगर की जनता अब अपने मनचाहे प्रत्याशियों को जिताने की सोच रही हैं।

# उत्तर प्रदेश में बनेगी ट्रीपल इंजन की सरकारः योगी आदित्यनाथ













दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। गुरुवार को जनपद सिद्धार्थनगर में योगी आदित्यनाथ ने चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए जनपद सिद्धार्थनगर के बीएससी ग्राउंड में सुबह लगभग 11.00 बजे पहुंचे बीएससी ग्राउंड में भाजपा कार्यकर्ता एवं भाजपा प्रत्याशियों के समर्थक हजारों की संख्या में खड़े होकर उनका अभिनंदन करते नजर आए आपको बता दें कि नगर निकाय चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का दौरा उत्तर प्रदेश के लगभग सभी जनपदों में लगातार हो रहा है। साथ ही भाजपा प्रत्याशियों एवं सभासदों को जिताने की अपील भी मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही है। गुरुवार को चुनावी जनसभा संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है जिससे उत्तर प्रदेश लगातार उत्तम प्रदेश बनता जा रहा है आज युवाओं के हाथ में तमंचे नहीं है आज वह है रोजगार और नौकरियों की सुविधाओं से लैस हो रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक समय था कि उत्तर प्रदेश में आतंकियों का आतंक चल रहा था लेकिन भाजपा सरकार ने सभी आतंकियों को उनकी जगह पर पहुंचा दिया है जहां उन्हें रहना चाहिए जो भी आतंकी आज बाहर हैं वह अपने घरों पर सुधारने की प्रक्रिया में लगे हुए हैं योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनपद सिद्धार्थनगर में भाजपा सरकार ने 7 सालों में मेडिकल कॉलेज, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल, पासपोर्ट ऑफिस, आज को बनवाने का काम किया है आज उत्तर प्रदेश की सड़कें चौड़ीकरण के माध्यम से चमचमाती नजर आ रही हैं जो यह बता रही हैं कि सरकार जब इमानदारी से काम करता है तो भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं रहती है। जनसभा के शुभारंभ पर डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल ने अपने संबोधन में कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का जहां लगातार विकास हो रहा है वही जनपद सिद्धार्थनगर में आने वाले मुख्यमंत्रियों में योगी आदित्यनाथ का नाम सदा स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा 11 बार लगातार योगी आदित्यनाथ ने जनपद में आकर इसके विकास कार्यों को गति प्रदान किया है। सिद्धार्थनगर तो सदैव अपनी गोदी में रखकर उसकी सुविधाओं को पूरा करते हैं यहां रहने वाले सभी लोगों से जो प्यार योगी आदित्यनाथ द्वारा दिया जाता है वह अन्य किसी जनप्रतिनिधियों द्वारा उत्तर प्रदेश के किसी भी जनपद में नहीं दिया गया है। योगी आदित्यनाथ ने जनपद के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नौ नगर पंचायतों एवं दो नगर पालिकाओं से बीजेपी के प्रत्याशियों को मतदान कर विकास की इस गति को और तेज करें साथ ही जोश पार्षद प्रत्याशी के रूप में आए हैं उनको भी वोट करें इस अवसर पर मंच पर पूर्व जिला अध्यक्ष लालजी त्रिपाठी, पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार कुंवर, पूर्व जिला अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्रा, बांसी विधानसभा के विधायक राजा जय प्रताप सिंह, कपिलवस्तु विधायक श्याम धनी राही, सहित 11 नगर पालिका नगर पंचायतों से आए हुए प्रत्याशी मौजूद रहे प्रत्याशियों ने योगी आदित्यनाथ का अभिनंदन करते हुए आशीर्वाद माँगा।

## मेरे पिता के कुछ अधूरी इच्छाएं रह गई है उसे पूरा करूंगा- गोविंद माधव

सिद्धार्थनगर। नगर निकाय चुनाव में नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर से भाजपा प्रत्याशी गोविंद माधव ने योगी आदित्यनाथ का अभिनंदन करते हुए कहा कि मेरे पिता लगातार छः बार कपिलवस्तु के विधायक रहे उन्होंने नौगढ़ कपिलवस्तु विधानसभा को बहुत कुछ दिया आज उनके द्वारा किए गए कार्यों को जनता लगातार याद करती है। उनकी कुछ अधूरी इच्छाएं रह गई है उन्हें मैं पूरा करूंगा गोविंद माधव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से समर्थकों से अपील किया कि उन्हें भारी बहुमत से विजई बनाएं जिससे कि जो भी काम अधूरा रह गया है उसे पूरा करें।

# मुख्यमंत्री ने जनसभा को किया संबोधित

## प्रत्याशी के पक्ष में जनता से मतदान करने के लिए की अपील

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश के संत कबीर नगर जिले में होने वाले आगामी दूसरे चरण के निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं इसी क्रम में संत कबीर नगर जिले में जूनियर हाई स्कूल के मैदान में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे अपने प्रत्याशियों को जीत देना लेने के लिए जनता से की अपील उद्बोधन के दौरान मंच से उन्होंने कहा कि संत कबीर के आगमन के पूर्व मगहर के बारे में माना जाता था यहां उसर भूमि है और यह माना जाता था कि मगर के अंदर मृत का मतलब सीधे–सीधे नरक धारणा को बदला संत कबीर ने आज मगर में उनकी महाकविर निर्माण अस्खथली है। डबल इंजन की सरकार ने कबीर निर्माण स्थली को स्वर्ग जैसा बनाकर संत कबीरनगर को बहुमूल्य बनादीया, समाज में सस्ता के




मूल्यों की स्थापना की शोध संस्थान को बढ़ावा दीया है आज उसी मगहर मे छह वर्ष पहले बहने वाली नदी आमी नदी की क्या दुर्गति थी आज सुंदर सुसज्जित है। उस समय मे पशु अगर उसका पानी सी लेता तो मृत हो जाती अब स्वच्छ और सुंदर है और निर्मल है केंद्र राज्य सरकार कीऔर प्रदेश सरकार की थी एक जैसी गति है यही कारण सब कुछ संभव हो रहा है 9 वर्ष के भीतर देश में परिवर्तन आपने देखा है आज दुनिया में सम्मान की निगाहों से देखा जाता है देश के अंदर लोगों के अंदर मन में विश्वास हुआ है आज वैश्विक मंच पर स्पीच देने की पावर रखता है आज प्रतीएक भारतवासी अपने देश पर अपने पर गौरव महसूस करता है ऐसा कहते हैं कि निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री प्रचार के लिए आया है तो जी हां मैं आया हूं इसलिए कि तब डबल इंजन की सरकार जो पैसा दे रही है वह जनता के हित में सही जगह खर्च हो रहा है यह नहीं योजनाओं की अगर सोच ही नहीं होगी तो गरीबों को कहा लाभ देना है क्या करना है किस विकास में नही लगा है तो फिर उस पैसे का बंदर बांट हो जाएगा पैसा तब भी था लेकिन गरीबों को पिछले 6 वर्षों में 54 लाखा आवास गरीबों को दिए है आखिर उसे पहले का पैसा कहां चला गया 70 वर्षों का पैसा कहां गया 70 वर्षों का पैसा कुछ लोगों की जेब में गया है अन्यथा गरीब के पास उसका नाम मकान होता और हर गरीब के घर में पहले ही शौचालय बन गया होता नगरी जल निकासी की प्रॉपर व्यवस्था हो गई होती उस समय के लोग व्यपारियों श्रंगार मांगते से पैसा मांगती लेकिन आज हां हां किसी व्यापारी से कोई रंगारी और कैसा नहीं मांगता है।

# भाजपा छोड़ सपा में हुए शामिल चंद्रभान पहलवान



दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर। उसका बाजार के भाजपा नेता चंद्रभान पहलवान ने बुधवार को सपा में शामिल हो गए नगर निकाय कार्यालय उसका बाजार में डुमरियागंज विधायिका सैयदा खातून ने चंद्रभान पहलवान को फूल माला पहनाकर स्वागत की। चंद्रभान पहलवान 2005 से 2018 तक सपा में थे 2019 से 2023 तक भाजपा में रहे यानी 13 साल समाजवादी पार्टी में और चार साल भाजपा में रहे फिर एक बार फिर से घर वापसी की है चंद्रभान पहलवान ने बताया कि कई साल भाजपा में लगने के बाद भी भाजपा विश्वास खात की है नगर पंचायत उसका बाजार की सीट पिछड़ी होने पर भाजपा ने नगर पंचायत कपिलवस्तु से टिकट देने का भरोसा जताया था और वोटर लिस्ट में नाम भी डलाया गया लेकिन हमको न देकर दूसरे को प्रत्याशी बनाया बनाया गया इससे भाजपा से नाराज होकर सपा में शामिल हो गए। चंद्रभान पहलवान ने बताया कि सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल से मिला जिसके बाद से लखनऊ पहुंचकर राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने सदस्यता ग्रहण किया। इस मौके पर उपस्थित सपा प्रत्याशी सुरेश यादव, सुनील यादव, रविंद्र अग्रहरी, पवन आदि कार्यकर्ता पहुंचकर स्वागत किया।



## निधन पर लोगों जताया बेहद शोक

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोहास बाजार,सिद्धार्थनगर। सदर विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत धौरीकुइयाँ टोला बनकसिहां निवासी वयोबृद्ध शौकत अली पुत्र जोखू उम्र लगभग 105 वर्ष की निधन हो गया।जिसकी सूचना मिलते ही उनके शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी।लोगों का उनके घर पहुँचने का तांता लगा रहा। स्व शौकत अली अच्छे स्वभाव के थे।इनकी मधुर और मृदु वाणी लोगों के दिलों में जगह बना रखा है।जब इनसे कभी बात किया जाता था तो आजादी के पहले अंग्रेजों से लड़ने वाले वीर सपूतों के सम्बंध में बहुत से जानकारियां कवित्त के माध्यम से दिया करते थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जब सिंघेश्वरी इंटर कालेज के मैदान में आये थे। उनके आने की बात बखूबी रखते थे। इनके स्वभाव की प्रसंशा लोग कहते नहीं थक रहे थे।जिन्हें गांव के पास ही कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। इनके जनाजे में मुस्ताक अली,ईदरीश,समसुदोहा, अब्दुल रहमान प्रधान, हमीदुल्लाह, अकमल, अमीरुल्लाह, मुख्तार अली, कल्लू, नन्हे, मुहम्मद हई, यूनुस मोहम्मद, अब्दुल्लाह, हनीफ, अफजल, अब्दुल रऊफ, अब्दुल कलाम, अलीजान, सबरे अयूब, याकूब, मोहम्मद सफी, कईम, बब्लू, राम उग्रह, राम भजन, जयराम सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# चुनावी पिच तैयार, हो रही वादों की बौछार

## विकास की गंगा बहाने की कर रहे बात, लेकिन बारिश में बहने वाली गंगा का नही है कोई समाधान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज उत्तर प्रदेश में पहले चरण की वोटिंग बृहस्पतिवार को समाप्त हो गयी द्यअब दूसरे चरण की वोटिंग 11 मई को होना है सिद्धार्थनगर जिले में भी वोटिंग 11 मई को होगा, जिसके लिए जिले के सभी निकाय सीटों पर प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

डुमरियागंज में भी चुनावी माहौल अपने पूरे रंग में है हर प्रत्याशी अपने आपको वोटरों से जोड़ने के लिए उसका भाई और बेटा बन रहा है लगातार वादों की बौछार कर रहा है। पांच सालों तक गायब रहने वाले नेता अलग अलग पार्टी से टिकट लाकर अपने आपको वोटरों से जोड़ने के लिए सभी हथकंडे अपना रहे हैं। मजे की बात तो यें है कि हिंदुस्तानी जनता कुछ ज्यादा ही इमोशनल होती है और इसी वजह से यदि कोई नेता वादों के हसीन ख्वाब दिखाता है तो तो आम जनता भी उसके इस हसीन ख्वाब को सच मान बैठती है और उस प्रत्याशी की सभी कमियों पर पर्दा डाल कर खुद ही उसको जिताने का प्रयास करने लगती है। वैसे जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे वैसे नेताओं और उनके समर्थकों के दिलों की धड़कन भी बढ़ रही है। हो भी क्यों ना जब सभी पार्टियों के समीकरण रोज बन और बिगड रहे हों तो प्रत्याशियों के दिलों की धड़कन बढ़ना स्वाभाविक है।

सभी प्रत्याशी जीतने के बाद विकास की गंगा बहाने का वादा कर रहे हैं लेकिन बारिश के समय डुमरियागंज में बहने वाली गंगा के निकासी का कोई प्लान नही है। सड़कों पर गाड़ियों का बोझ लगातार बढ़ रहा है, जाम और अतिक्रमण एक बड़ी समस्या बन चुका है इसके बावजूद इस समस्या के समाधान का के पास कोई समाधान है, बहन, बेटियां बेखौफ माहौल में घूम सकें इसके लिए नेता चुनाव जीतने के बाद रास्ता निकालेंगे द्यनगर पंचायत बनने के लगभग 15 सालों बाद भी कूड़ों का लगा अम्बार नगर पंचायतवासियों को नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर कर रहा है इसका समाधान भी नेता जी चुनाव जीतने के बाद जब अपनी कीमती गाड़ी के बंद शीशे में बैठ कर निकलेंगे तब इसका समाधान निकालेंगे। इतना सब होने के बाद भी नेता जी ने चेयरमैन बनने के बाद विकास की गंगा बहाने का वादा किया है।

## सम्पादकीय

**जनता तो उसकी प्रजा है। प्रजा को जो मिलता है, वह राजा की दया के कारण मिलता है। लेकिन 1950 में बाबा साहिब भीम राव रामजी अम्बेडकर एक संविधान बना गये थे जिसमें राज परिवारों की लूट खसूट बन्द करने के अनेक सूत्र भी थे । राज परिवारों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों में जो जांच हो रही है, ये सभी ...**

# विपक्षी एकता कैसे ?

विपक्ष की अनेक पार्टियां आपस में एकजुट होने का प्रयास कर रही हैं । एकता का आधार विचारधारा ही हो सकती है । जो पार्टियां भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा से सहमत नहीं हैं, वे आपस में एकजुट हो सकती हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि जो पार्टियां इकत्र्रा होने का प्रयास कर रही हैं, उनकी विचारधारा आपस में मिलती हो । परन्तु ऐसा नहीं है । इसका मुख्य कारण यह है कि विपक्षी की अनेक पार्टियां किसी न किसी परिवार की व्यक्तिगत पार्टी है । कांग्रेस का अपना राज परिवार है और लालू का अपना राज परिवार है । मुलायम सिंह का अपना राज परिवार है । उनकी मृत्यु के बाद स्वाभाविक ही राज तिलक उनके बेटे का हो गया । यह अलग बात है कि अखिलेश यादव ने पिता के जीते जी ही उनसे पार्टी की कुंजी छीन कर अपने पास रख ली। फारूक अब्दुल्ला को तो उनके पिता शेख मोहम्मद अब्दुल्ला ने विधिवत एक जनसभा में नेशनल कान्फ्रेन्स के पारिवारिक कागज पत्र दिए थे । इन राज परिवारों ने लोकतंत्र में ही अपना अस्तित्व बनाया था । लोकतंत्र की सीढ़ी से ही राज परिवार ऊपर आये थे ।

संविधान के अनुसार ही बड़े–बड़े पदों की शपथ ली थी। सार्वजनिक रूप से ही राज परिवारों ने अपने अपने युवराजों की घोषणा की थी ताकि प्रजा को पता चल जाये कि भविष्य का उत्तराधिकारी कौन है जिसे सत्ता देनी है । इस प्रकार ये दल किसी विचारधारा के कारण नहीं बल्कि पारिवारिक हितों को खतरे में पड़ता देख कर, भाजपा को किसी प्रकार सत्ता से हटाने के लिए एकजुट हो जाना चाहते हैं। लेकिन मामला अटक जाता है। कारण यह है कि कांग्रेस का दावा है कि देश में सबसे बड़ा राजपरिवार वह है । इसलिए देश के बाकी राजपरिवार उसके आसन के सामने लगी कुर्सियों पर बैठें । कोर्निश करने के लिए सोनिया गांधी ने फिलहाल नहीं कहा है, यह शेष पार्टियों के राज परिवारों के लिए राहत की बात है। लेकिन इन छोटे राज परिवारों का दावा है कि कांग्रेस का पुश्तैनी राज परिवार अब इतना बड़ा नहीं रहा कि उसकी छत्रछाया में बाकी राज परिवार बैठ सकें । परन्तु कांग्रेस अपने भूतकाल से बाहर नहीं आ रही।

वह पुराने किले के बाहर कितना परिवर्तन हो गया है, इसे देखने व समझने को तैयार नहीं है। एक और कारण भी है। राज परिवारों में इस बात को लेकर भी सहमति नहीं बन पा रही कि यदि एकता हो जाती है तो किस राज परिवार को कितना हिस्सा मिलेगा। विपक्षी एकता में यही सबसे बड़ा पेंच है। अभी तक इन राज परिवारों में राजनीतिक एकता को लेकर झगड़े थे, लेकिन पैसे को लेकर सब ठीक– ठाक ही चल रहा था। लेकिन इसी बीच राज परिवार एक दूसरे संकट में घिरते गए। राज परिवारों की सम्पत्तियों की जांच होने लगी । यह सम्पत्ति कैसे बनी, इसकी जांच होने लगी। राज परिवारों ने इस प्रकार की स्थिति का सामना कभी नहीं किया था। राजा तो अपने आप को दैवी शक्ति सम्पन्न मानता है। जनता तो उसकी प्रजा है। प्रजा को जो मिलता है, वह राजा की दया के कारण मिलता है। लेकिन 1950 में बाबा साहिब भीम राव रामजी अम्बेडकर एक संविधान बना गये थे जिसमें राज परिवारों की लूट खसूट बन्द करने के अनेक सूत्र भी थे । राज परिवारों के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामलों में जो जांच हो रही है, ये सभी दल एकजुट होकर उच्चतम न्यायालय पहुंच गये । त्राहिमाम त्राहिमाम ।। देश का कोई भी आदमी जिसका कानून से कुछ भी लेना–देना न हो, समझ सकता है कि कोई भी कचहरी यह कैसे कह सकती है कि जांच एजेंसियां जांच न करें । विपक्षी दलों में तो धाकड़ वकील भरे पड़े हैं ।

# सनातनी मान्यता के अनुसार स्वयंभुव मनु संसार के प्रथम पुरुष थे



महाकवि जयशंकर प्रसाद ने कामायनी नामक महाकाव्य में लिखा है कि हिमगिरि के उत्तुंग शिखर परध बैठ शिला की शीतल छांहध एक पुरुष भीगे नयनों सेध देख रहा था प्रलय प्रवाह।। जब दुनिया उथल पुथल के दौर में थी और महाविनाश के जल सैलाब में समूची सभ्यता विनष्ट हो चुकी थी तब कौन कैसे बचा। क्या पहले भी कोई मनु थे। इन सबकी पड़ताल करने के लिए अपने अतीत के गौरवशाली पन्नों की धड़कनों को सुनते हैं। असल में इस सृष्टि की रचना के साथ स्वयं भुव मनु आविर्भूत हुए। सुखसागर के अनुसार सृष्टि की वृद्धि हेतु सृष्टि रचयिता ब्रह्मा जी ने शरीर को दो भागों में विभाजित कर दिया। जिनका नाम का और या हुआ। अर्थात काया की उत्पत्ति हुई। उन्हीं दो भागों में से एक से पुरुष और दूसरे से स्त्री की उत्पत्ति हुई। पुरुष का नाम स्वयंभुव मनु और स्त्री का नाम शतरूपा हुआ। इन्हीं प्रथम पुरुष और प्रथम स्त्री की संतानों से संसार के सभी जनों की उत्पत्ति हुई। मनु की संतान होने के कारण वे मानव कहलाए। कहते हैं कि शतरूपा का जन्म ब्रह्मा जी के वामांग अर्थात बाएं अंग से हुआ था। मत्स्यपुराण की मानें तो शतरूपा और स्वयंभुव मनु से प्रियव्रत, उत्तानपाद आदि सात पुत्र और तीन कन्याएं पैदा हुईं। वहीं हरिहरपुराण के अनुसार शतरूपा ने घोर तपस्या के बल पर स्वयंभुव मनु को पति के रूप में प्राप्त किया था। इनसे वीर नामक एक पुत्र ने जन्म लिया। मारकंडेय पुराण के मुताबिक शतरूपा के दो पुत्रों के अलावा ऋद्धि तथा प्रसूति नामकी दो कन्याओं का भी उल्लेख मिलता है। शिव और वायु पुराण में प्रसूति और आकूति का नाम है। सनातन के उत्पत्ति की कहानी दिलचस्प है। इसे पढ़ते रहिए।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का सन्देश**

# शरद पवार ने पलटी रोटी

**भारतीय राजनीति में यह सब परिवारवाद के उदाहरण हैं, लेकिन उंगली उठाने की बारी आए तो सारी उंगलियां गांधी परिवार पर ही उठती हैं। कांग्रेस में तो चुनाव के जरिए अध्यक्ष निर्वाचित हुए, जबकि बाकी दलों में कब कौन अध्यक्ष बन जाए, पता नहीं चलता। फिर भी कांग्रेस के लोकतांत्रिक मिजाज पर सवाल उठाए जाते हैं। बहरहाल, शरद पवार के अपनी ही पार्टी के अध्यक्ष पद से इस्तीफे से ...**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी यानी एनसीपी के संस्थापक शरद पवार ने कुछ दिनों पहले कहा था कि रोटी पलटने का वक्त आ गया है। तब उनके इस वाक्य को कई तरह से डिकोड किया गया था। किसी ने इसे एनसीपी में अजित पवार की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं पर लगाम कसने का संकेत माना तो किसी ने भाजपा को सत्ता से विदा करने की तैयारी माना। राजनीति में रोटी पलटने का सही अर्थ क्या है, यह कोई समझ पाता, इससे पहले शरद पवार ने एक और धमाका कर दिया। मंगलवार को अपनी आत्मकथा के विमोचन के मौके पर भाषण देते हुए अचानक उन्होंने एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की बात कह दी। अमूमन राजनेता किसी बड़े पद से स्वेच्छा से हटने से पहले माहौल बनाते हैं। राजनीति से संन्यास, पार्टी में मतभेद, उम्र और स्वास्थगत कारण आदि का हवाला देकर फिर तामझाम के साथ विदाई लेते हैं। लेकिन शरद पवार ने तो इस तरह अपने इस्तीफे का ऐलान किया, मानो कोई ये बता रहा हो कि अभी दोपहर है और इसके बाद शाम होगी। शरद पवार अच्छे से जानते हैं कि उनकी कही छोटी सी छोटी बात का भी राजनैतिक वजन होता है, फिर उन्होंने किस लिए इतने बड़े फैसले को इस तरह से व्यक्त किया, यह अब भी पहेली है। लेकिन उससे भी बड़ा सवाल ये है कि शरद पवार ने आखिर एनसीपी के अध्यक्ष पद को क्यों छोड़ा और ऐसे वक्त में यह फैसला क्यों लिया, जब महाराष्ट्र से लेकर राष्ट्र की राजनीति तक उथल–पुथल मची हुई है। अभी कुछ दिनों पहले शरद पवार ने दिल्ली में राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात कर विपक्षी एकता की कोशिशों की नयी शुरुआत की थी। कांग्रेस और राहुल गांधी से शरद पवार कई बातों पर असहमत होने के बावजूद विपक्ष को एक साथ करने की कोशिशों में जुटे तो यह माना गया कि इस बार भाजपा की जड़ें हिलाने के लिए श्री पवार दृढ़प्रतिज्ञ हैं। लेकिन इस मुलाकात के चंद दिनों बाद कारोबारी गौतम अडानी से शरद पवार ने बंद कमरे में दो घंटे मुलाकात की। इस मुलाकात की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई है और इसकी उम्मीद कम ही है कि कभी इस मुलाकात का कोई खुलासा होगा। शरद पवार हमेशा से उद्योगपतियों के मित्र राजनेता के तौर पर जाने जाते रहे हैं, ये और बात है कि अब मित्रता साबित करने की नयी मिसालें देश में आ गई हैं। गौतम अडानी के कारोबार पर हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर देश में कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने सवाल उठाए। राहुल गांधी ने संसद में प्रधानमंत्री और गौतम अडानी के संबंधों पर बयान दिया। संसद सत्र इस मामले की जेपीसी जांच की मांग पर बाधित होता रहा और तब शरद पवार ने विपक्ष की राय से अलग हटकर जेपीसी जांच के औचित्य पर सवाल उठाए थे। शरद पवार के इस रवैये से भी हैरानी हुई थी। हालांकि विपक्षी एकता में इससे कोई दरार नहीं पड़ेगी, यह दावा भी किया गया था। अब तक कोई औपचारिक मोर्चा भाजपा के खिलाफ गठित तो नहीं हुआ है, इसलिए दरार पड़ी या नहीं, इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। लेकिन शरद पवार के इस्तीफे की घोषणा के बाद अब विपक्षी मोर्चा किस राह पर आगे बढ़ेगा, इस पर कयास शुरु हो गए हैं। शरद पवार ने अभी केवल एनसीपी के अध्यक्ष पद से इस्तीफे का ऐलान किया है, सक्रिय राजनीति से नहीं। यानी ये हो सकता है कि अब एनसीपी के दायित्वों से आगे बढ़कर वे राष्ट्रीय राजनीति में किंगमेकर की भूमिका निभाने की तैयारी में हों या फिर किंग बनने की अपनी पुरानी महत्वाकांक्षा को पूरा करने की योजना बनाएं। अगले साल ही आम चुनाव है और महाराष्ट्र में भी विधानसभा चुनाव होंगे। दोनों ही जगह महाअघाड़ी के घटक दलों यानी एनसीपी, शिवसेना उद्धव गुट और कांग्रेस को जीत की तैयारी रखनी होगी, अन्यथा अस्तित्व दांव पर लग जाएगा। क्योंकि अब देश का माहौल 2019 से काफी बदल गया है। शरद पवार ने इस बदलते समय की नब्ज को टटोल लिया है और शायद इसलिए इस्तीफे का ऐलान किया है। भाजपा ने शिवसेना की कमजोरी कड़ी तोड़कर महाराष्ट्र की सत्ता हथिया ली, और एनसीपी की कमजोर कड़ी यानी अजित पवार से बगावत करवाने में उसने 2019 में आंशिक सफलता हासिल कर ही ली थी। तब शरद पवार ने बड़ी सूझबूझ से न केवल इस बगावत को खत्म करवाया, बल्कि भाजपा को सत्ता से बेदखल कर दिया था। लेकिन अब फिर से अजित पवार अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे थे। वे कोई ऐसा कदम उठाते, जिससे एनसीपी को नुकसान होता, उससे पहले ही शरद पवार ने इस्तीफे की बात छेड़ दी, जिससे माहौल ही पलट गया। उनके समर्थक भावुक होकर उनसे इस्तीफा वापस लेने का आग्रह करने लगे। अजित पवार के सामने शरद पवार ने बता दिया कि राज्य की राजनीति और पार्टी में उनका रसूख क्या है। बुधवार को एनसीपी की बैठक में शरद पवार ने अपने इस्तीफे पर कायम रहने की बात कही है, हालांकि एनसीपी नेता उनसे अब भी अपने फैसले को खारिज करने की अपील कर रहे हैं। लेकिन अब यह नजर आ रहा है कि शरद पवार पार्टी की कमान अपनी बेटी सुप्रिया सुले को सौंप सकते हैं ताकि वे दिल्ली की राजनीति पर फोकस कर सकें। अजित पवार अगर उनके फैसले को स्वीकार करेंगे तो पार्टी में एकता बनी रहेगी और अगर अलग होंगे, तो बागी होने का ठप्पा लग जाएगा और जनता अक्सर परिवार के खिलाफ जाने वाले नेताओं से बिदक जाती है। वैसे शरद पवार से पहले बाल ठाकरे ने इसी तरह शिवसेना की कमान अपने भतीजे राज ठाकरे को न सौंप कर बेटे उद्धव ठाकरे को सौंपी थी। मुलायम सिंह यादव ने भी भाई शिवपाल सिंह यादव की जगह बेटे अखिलेश यादव के लिए मुख्यमंत्री की कुर्सी तैयार की थी।

**जेपी नड्डा, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, शिवराजसिंह चौहान सब यदि कर्नाटक में नरेंद्र मोदी का नाम ले कर उनका वरदान लेने के लिए कर्नाटक की जनता को कह रहे हैं तो उनके कंट्रास्ट में भाजपा के तमाम नेता राहुल गांधी के नाम का रट्टा भी लगाए हुए हैं। यह भी बदली राजनीति की एक बानगी है। नौबत यह हो गई कि यदि राहुल गांधी नहीं हों तो भाजपा नेताओं के पास बोलने ...**

# भाजपा के पास मोदी और राहुल!

हरिशंकर व्यास

कर्नाटक के चुनाव शोर में भाजपा जस की तस सौ टका नरेंद्र मोदी के करिश्मे पर आश्रित है। बतौर प्रमाण पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा का यह वाक्य सटीक है– कर्नाटक को मोदी जी के आशीर्वाद से वंचित नहीं होना चाहिए। तभी गुरूवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीजेपी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया तो बसवराज बोम्मई ने भी कहा कि हमारा जीतना तय। उनके अनुसार पीएम मोदी का एक–एक शब्द बीजेपी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करता है।मुझे यकीन है कि हमारे पार्टी कार्यकर्ता कर्नाटक में भाजपा को सत्ता में वापस लाने के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करेंगे।

निश्चित ही हिमाचल और उससे पहले के तमाम चुनावों में भी नरेंद्र मोदी आश्रित भाजपा थी। कर्नाटक में भी है। इसलिए यह भाजपा की चली आ रही पुरानी राजनीति का हिस्सा। मगर बावजूद इसके श्कर्नाटक को मोदी जी के आशीर्वाद से वंचित नहीं होना चाहिएय जैसा वाक्य जनता को भक्त बनाने में अति है। सो, जनवरी 2023 से बदलती राजनीति में एक तरफ भाजपा, सत्तापक्ष और ज्यादा मोदी के करिश्मे पर निर्भर है। वहीं कांग्रेस, आप, राहुल–केजरीवाल भी जवाब में नरेंद्र मोदी की अदीनी से दोस्ती, डिग्री औरभ्रष्टाचार का शोर करते हुए।

सोचें, जनवरी के बाद की सन् 2023 की राजनीति का फर्क। क्या पहले कभी कल्पना संभव थी कि लोकसभा में नरेंद्र मोदी और अदानी को लेकर नारे लगेंगे। संसद नहीं चलेगी। लोकसभा में नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी वह भाषण देंगे, जिसका जवाब देने के बजाय सरकार को रिकार्ड से भाषण उड़वाना होगा। राहुल गांधी की सांसदी खत्म कर दी जाएगी। ऐसे ही किसने कल्पना की थी कि अरविंद केजरीवाल विधानसभा में नरेंद्र मोदी और अदानी के रिश्तों पर वह बोलें, जिसे पूरे देश ने चटखारे लेते हुए सुना मगर मोदी–भाजपा के मुंह से रत्ती भर प्रतिक्रिया नहीं। इतना ही नहीं आजाद भारत के इतिहास में पहली बार भारत का प्रधानमंत्री अनपढ़ करार दिया जाता हुआ।

उस नाते फरवरी की हिंडनबर्ग की रिपोर्ट राष्ट्रीय राजनीति का वह मोड़ है, जिससे गैर–भक्त हिंदू आबादी में नरेंद्र मोदी की वह इमेज बनी है, जिसके कारण नरेंद्र मोदी का नाम ही अब विपक्ष का हथियार है। यह पहली बार है। कर्नाटक में कांग्रेस, पूरे देश और खासकर सोशल मीडिया में अरविंद केजरीवाल और आप पार्टी ने नरेंद्र मोदी को भ्रष्ट और अनपढ़ बतलाने का जो शोर बनाया है वैसा आजाद भारत की 75 साला राजनीति में पहले कभी नहीं हुआ। श्गली–गली में शोर है इंदिरा गांधी चोर हैय का समय हो या इंदिरा गांधी का इमरजेंसी और राजीव गांधी की बोफोर्स बदनामी का वक्त, सबकी तुलना में सन् 2023 में नरेंद्र मोदी के खिलाफ का जैसा नैरेटिव देश–विदेश में बना है, वह इतना अकल्पनीय है कि खुद मोदी को समझ नहीं आ रहा होगा कि सबकुछ कंट्रोल में होते हुए भी कैसे वे नफरत–विरोध का चेहरा हो गए।

कर्नाटक में भाजपा उन्हेंश्वरदानय याकि भगवान करार देते हुए है वही विपक्ष की सभा में सुनाई दिया कि श्नरेंद्र मोदी जहरीले सांप जैसे हैं आप सोचेंगे कि जहर है या नहीं? लेकिन आपने चख लिया तो फिर मर जाएंगेय। यों अपने इस कहे पर कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने खेद जताया है। बावजूद इसके यह तो सोचने वाली बात है नरेंद्र मोदी के राज में भारत की राजनीति सन् 2023 में किस एक्स्ट्रिम, भगवान या सांप के जुमले में पहुंची है।

तभी कर्नाटक और इसके बाद के विधानसभा चुनावों, सन् 2024 के आम चुनाव सिर्फ और सिर्फ नरेंद्र मोदी की नायक या खलनायक इमेज पर होगा। कर्नाटक में भाजपा यदि हारी तो वह मोदी के वहां जादू खत्म होने का प्रमाण होगा। मतलब भगवान के वरदान को कर्नाटक के लोगों ने ठुकराया।

जेपी नड्डा, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, शिवराजसिंह चौहान सब यदि कर्नाटक में नरेंद्र मोदी का नाम ले कर उनका वरदान लेने के लिए कर्नाटक की जनता को कह रहे हैं तो उनके कंट्रास्ट में भाजपा के तमाम नेता राहुल गांधी के नाम का रट्टा भी लगाए हुए हैं। यह भी बदली राजनीति की एक बानगी है। नौबत यह हो गई कि यदि राहुल गांधी नहीं हों तो भाजपा नेताओं के पास बोलने के लिए कुछ नहीं होगा। मोदी भी परोक्ष तौर पर राहुल गांधी से लोगों को सावधान करते हुए हैं तो अमित शाह कहते हैं–राहुल बाबा सुन लेंज्कांग्रेस जीती तो वंशवाद की राजनीति चरम पर होगी। कर्नाटक दंगों से पीडिघ्त होगा।राज्य का विकास शरिवर्स गियरय में होगा।ऐसे ही शिवराज सिंह चौहान जनसभा में यह बताते हुए कि राहुल गांधी पचास साल के हो गए हैं मगर बुद्धि उनकी पांच साल की है।

मतलब राहुल गांधी को बेघर बना कर भी मोदी–शाह–भाजपा सबके लिए राहुल गांधी या तो दंगाई राक्षस हैं या बाबा और पप्पू और विकास को ठप्प कर देने वाले। भाजपा के पास अब मोदी सरकार, प्रदेश की भाजपा सरकार की उपलब्धि बताने के नाम पर सिर्फ एक जुमला है और वह है डबल इंजन। कर्नाटक में भाजपा अपनी प्रदेश सरकार के काम को या मुख्यमंत्री के चेहरा बेचती हुई नहीं है, बल्कि अमित शाह को उम्मीद है कि मुस्लिम आरक्षण को खत्म कर लिंगायत, एससी व एसटी के आरक्षण को हमने बढ़ाया है तो हमें वोट मिलेगा। और यदि कांग्रेस रेवड़ी घोषणाएं कर रही है तो जिस पार्टी की वारंटी खत्म हो चुकी है तो उसकी गारंटी (चुनावी वादों) का क्या मतलब है।

जाहिर है कांग्रेस की घोषणाओं के आगे भाजपा लाचार है। इस मामले में कांग्रेस सचमुच आप पार्टी से आगे बढ़ गई है। सभी घरों को 200 यूनिट फ्री बिजली, हर परिवार की महिला मुखिया को 2,000 रुपए महीने की सहायता, ग्रेजुएट युवाओं के लिए 3,000 रुपए और डिप्लोमा धारकों (18 से 25 वर्ष आयु वर्ग) को दो साल के लिए 1,500 रुपये जैसे तमाम वादे कांग्रेस ने किए है। इन्हीं को लेकर गुरूवार को नरेंद्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुफ्तखोरी के कारण राज्य कर्ज में डूबे हुए हैं।

कभी मोदी ऐसी घोषणाओं से अच्छे दिन आने का लोगों को ख्वाब दिखाते थे और अब इस सबसे वे मुफ्तखोरी की बात कह रहे हैं। समझ सकते हैं2023 में रेवड़ी राजनीति भी कितनी बदलती हुई है और इस पर भाजपा कैसे रक्षात्मक है!



# एरलिंग हालैंड ने बनाया प्रीमियर लीग में नया रिकॉर्ड, चोटी पर पहुंचा मैनचेस्टर सिटी

मैनचेस्टर। एरलिंग हालैंड ने मैनचेस्टर सिटी की वेस्ट हैम पर 3–0 से जीत में इस सत्र का अपना 35 वां गोल दागकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में नया रिकॉर्ड बनाया। नार्वे के इस 22 वर्षीय स्ट्राइकर ने 70वें मिनट में टीम की तरफ से दूसरा गोल करके प्रीमियर लीग के एक सत्र में सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। हालैंड ने पिछले रविवार को फुलहम के खिलाफ गोल करके एलन शियरर और एंडी कोल के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। उन्होंने रिकॉर्ड बनाने के बाद कहा,'' यह बहुत अच्छा अहसास है, जैसा कि प्रत्येक गोल करने पर होता है। विशेषकर जीत दर्ज करना वास्तव में महत्वपूर्ण है।'' हालैंड इस सत्र में अभी तक सभी प्रतियोगिताओं में कुल 51 गोल कर चुके हैं। एलन शियरर और एंडी कोल ने तब रिकॉर्ड बनाए थे जबकि प्रीमियर लीग का सत्र 42 मैचों का होता था। अब प्रीमियर लीग का सत्र 38 मैचों का होता है और हालैंड को अभी पांच और मैच खेलने हैं। मैनचेस्टर सिटी इस जीत से आर्सेनल को पीछे छोड़कर अंक तालिका में फिर से शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके अब 33 मैचों में 79 अंक हो गए हैं जबकि आर्सेनल के 34 मैचों में 78 अंक हैं। एक अन्य मैच में लिवरपूल ने फुलहम को 1–0 से हराया।



# मेक्सिको ने अपना पहला कोविड–19 रोधी टीका विकसित किया

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के अधिकारियों ने बुधवार को घोषणा की कि देश ने अपना पहला कोविड–19 रोधी टीका विकसित कर लिया है। देश में पिछले दो साल से अधिक समय से अमेरिका, यूरोप और चीन में विकसित टीकों के जरिये राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। मेक्सिको सरकार ने पूर्व में जानवरों के लिए कई टीकों का निर्माण कर चुकी कंपनी 'एविमेक्स' के साथ मिलकर अपनी पहली कोविड रोधी वैक्सीन 'पैट्रिया' तैयार की है। 'पैट्रिया' शब्द का अर्थ 'मातृभूमि' होता है। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि इस टीके का इस्तेमाल कब शुरू किया जाएगा। मेक्सिको में 2022 के अंत से कोविड रोधी टीके लगवाने वाले लोगों की संख्या में भारी कमी दर्ज की गई है।




देश के पास क्यूबा से खरीदे गए अब्दाला टीके की कई अप्रयुक्त खुराक बची हुई हैं। मेक्सिको सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आयोग की प्रमुख मारा एलिना इवारेज–बुयेला ने कहा कि नए टीके को बूस्टर खुराक के रूप में इस्तेमाल किए जाने की मंजूरी दी जाएगी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि सरकार की चिकित्सकीय नियामक एजेंसी ने पैट्रिया टीके के आपात इस्तेमाल की आधिकारिक मंजूरी दे दी है या नहीं। मेक्सिको ने मार्च 2020 में पैट्रिया टीके के निर्माण की प्रक्रिया शुरू की थी। लेकिन, चूंकि परीक्षण की गति काफी धीमी थी, इसलिए उसने देशव्यापी टीकाकरण अभियान के लिए एस्ट्रा–जेनेका, फाइजर और चीनी टीकों की 2.25 करोड़ खुराक का आयात किया था। मेक्सिको ने सितंबर 2022 में अपने बूस्टर टीकाकरण कार्यक्रम के लिए क्यूबा में निर्मित अब्दाला वैक्सीन की 90 लाख खुराक खरीदी थीं। यह टीका सार्स–कोव–2 वायरस के उन स्वरूपों के खिलाफ प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करता है, जिन्होंने 2020 और 2021 में कहर बरपाया था। यही कारण है कि मेक्सिको में बूस्टर खुराक लगवाने वाले लोगों की संख्या में भारी कमी देखने को मिली है।

# शीर्ष स्थान पर दावा मतजूत करने के लिए भिड़ेगी राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस की टीमें

जयपुर। इंडियन प्रीमियर लीग की तालिका में शीर्ष पर काबिज गुजरात टाइटंस की टीम शुक्रवार को अपने अगले मुकाबले में जब राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ उनके घरेलू मैदान में उतरेगी तो उसे अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। हार्दिक पंड्या की अगुआई वाली यह टीम कम स्कोर वाले अपने पिछले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स से पांच रन से हार गयी थी। टीम 12 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर है जबकि राजस्थान 10 अंक के साथ चौथे स्थान पर काबिज है।

संजू सैमसन की अगुवाई वाले राजस्थान रॉयल्स में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है लेकिन टीम लगातार जीत दर्ज करने में विफल रही है। पिछले छह मैचों में टीम तीन मुकाबलों में जीती है जबकि तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के साथ समस्या गेंदबाजी में अधिक है। टीम पिछले मैच में मुंबई के खिलाफ 212 रन के बड़े लक्ष्य का बचाव करने में नाकाम रही थी। तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट, ऑलराउंडर जेसन होल्डर, स्पिनर युजवेंद्र चहल और कुलदीप सेन ने उस मैच में खूब रन लुटाए थे। उन्हें शुक्रवार को घरेलू मैदान में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।



रॉयल्स को इस बात से थोड़ी राहत मिल सकती है कि सत्र की शुरुआत में उन्होंने गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत हासिल की थी। राजस्थान की बल्लेबाजी काफी मजबूत है। पिछले मैच में शतकीय पारी खेलने वाले युवा यशस्वी जायसवाल के अलावा जोस बटलर, संजू सैमसन और शिमरोन हेटमेयर की तिकड़ी अपने दम पर किसी भी मैच का पासा पलट सकती है। इस बल्लेबाजी इकाई को हालांकि मोहम्मद शमी और राशिद खान के नेतृत्व वाले गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ सतर्क रहना होगा। राजस्थान की टीम अगर इस मैच को जीतती है तो टीम बेहतर नेट रनरेट (0.800) के कारण तालिका में शीर्ष पर पहुंच जायेगी।

दूसरी ओर टाइटंस के बल्लेबाजों को दिल्ली के खिलाफ लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़ना होगा। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शानदार लय में चल रहे शुभमन गिल और डेविड मिलर के विफल होने से टीम 130 रन के लक्ष्य का पीछा करने में नाकाम रही। कप्तान पंड्या ने अर्धशतक लगाकर टीम को आखिर तक मैच में बनाये रखा लेकिन उनकी और राहुल तेवतिया की तेज तर्रार पारी टीम के लिए काफी साबित नहीं हुई थी। टीम की गेंदबाजी हालांकि काफी मजबूत है जहां मोहम्मद शमी शानदार लय में है। स्पिन विभाग में राशिद और अफगानिस्तान के एक अन्य खिलाड़ी नूर अहमद शानदार प्रदर्शन कर रहे है।

टीमें : राजस्थान रॉयल्सरू संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल बसिथ, मुरुगन अश्विन, रविचंद्रन अश्विन, केएम आसिफ, ट्रेंट बोल्ट, जोस बटलर, केसी करियप्पा, युजवेंद्र चहल, डोनोवन फरेरा, शिमरोन हेटमेयर, जेसन होल्डर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, ओबेड मैककॉय , देवदत्त पडिक्कल, रियान पराग, कुणाल सिंह राठौर, जो रूट, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, एडम जम्पा। गुजरात टाइटन्सः हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, डेविड मिलर, अभिनव मनोहर, साईं सुदर्शन, रिद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, राशिद खान, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मोहम्मद शमी, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, प्रदीप सांगवान, दर्शन नलकंडे , जयंत यादव, आर. साई किशोर, नूर अहमद, दासुन शनाका, ओडियन स्मिथ, केएस भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, जोशुआ लिटिल और मोहित शर्मा। मैच का समय : शाम 7.30 से।

# रियाल मैड्रिड को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंचा एटलेटिको

मैड्रिड। एटलेटिको मैड्रिड ने कैडिज को 5–1 से करारी



शिकस्त देकर स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में रियाल मैड्रिड की जगह दूसरा स्थान हासिल कर लिया। एंटोनी ग्रीजमैन ने पहले हाफ में दो गोल किए जबकि अल्वारो मोराटा, यानिक कैरास्को और नाहुएल मोलिना ने दूसरे हाफ में एक एक गोल करके एटलेटिको को 14 लीग मैचों में 12वीं जीत दिलाई। अब जबकि लीग में पांच दौर के मैच होने बाकी है तब एटलेटिको की टीम रियाल मैड्रिड से एक अंक आगे हो गई है। एटलेटिको के अब 33 मैचों में 69 अंक हो गए हैं जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैचों में 68 अंक हैं। बार्सिलोना 33 मैचों में 82 अंक लेकर शीर्ष पर काबिज है।

# केकेआर ने लिटन दास की जगह जॉनसन चार्ल्स को टीम में लिया

नयी दिल्ली। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन



प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाकी बचे सत्र के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास की जगह जॉनसन चार्ल्स को अपनी टीम में शामिल किया है। लिटन दास पिछले सप्ताह पारिवारिक कारणों से बांग्लादेश लौट गए थे। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी को केकेआर ने पिछले साल उनके आधार मूल्य 50 लाख रुपए में खरीदा था। केकेआर ने उन्हें केवल एक मैच में अंतिम एकादश में रखा और उसके बाद बाहर कर दिया था। जॉनसन चार्ल्स वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। उन्होंने अब तक 41 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों में 971 रन बनाए हैं। उन्होंने कुल 224 टी20 मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम पर 5600 से अधिक रन दर्ज हैं। वह 50 लाख रुपए के आधार मूल्य में केकेआर से जुड़ेंगे।

# ओला लेक्ट्रिक ई–स्कूटर ग्राहकों को चार्जर का पैसा लौटाएगी

नयी दिल्ली। ओला इलेक्ट्रिक ने अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर खरीदारों को चार्जर की लागत वापस करने की घोषणा की है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को ट्विटर पर बयान में कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग ने पिछले कुछ वर्षों में निहित स्वार्थ वाले समूहों के प्रयासों के बावजूद अभूतपूर्व सफलता दर्ज की है। कंपनी ने कहा, ''उद्योग की अग्रणी फर्म के रूप में हम अपने ग्राहकों को पहले रखते हैं। इसलिए अन्य बातों को अलग रखते हुए हमने सभी पात्र ग्राहकों को चार्जर का पैसा लौटाने का फैसला किया है।'' कंपनी ने कहा कि यह कदम न केवल ईवी क्रांति के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, बल्कि इससे भरोसा भी मजबूत होगा और ग्राहकों को अधिक मूल्य मिल सकेगा। हालांकि, ओला ने यह नहीं बताया कि वह कितनी राशि लौटाएगी। इससे पहले की कुछ रिपोर्ट में सरकारी अधिकारियों का हवाला देते हुए यह राशि लगभग 130 करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया है। टीवीएस मोटर कंपनी ने बुधवार को घोषणा की थी कि वह फेम योजना के तहत निर्धारित सीमा से अधिक भुगतान करने वाले ग्राहकों को लगभग 20 करोड़ रुपये लौटाएगी।




# गो फर्स्ट ने 9 मई तक रद्द की अपनी सभी उड़ानें

## डीजीसीए ने दिया रिफंड प्रक्रिया शुरू करने का आदेश

कैश–स्ट्रैप्ड एयरलाइन गो फर्स्ट ने 3, 4 और 5 मई को अस्थायी रूप से परिचालन निलंबित कर दिया था। अब कंपनी ने कहा है कि उसकी सभी उड़ानें 9 मई तक रद्द रहेंगी। वाडिया समूह के स्वामित्व वाली एयरलाइन, जिसने हाल ही में दिवालियापन के लिए दायर किया था, ने लंबी अवधि के लिए उड़ानें रद्द करने के अपने नए फैसले के पीछे ष्परिचालन कारणोंष का हवाला दिया है। यह गो फर्स्ट के भविष्य पर एक बड़ा संकट डालता दिख रहा है, यहां तक ध्घ्कि इसके सीईओ कौशिक खोना ने कहा कि एयरलाइन को फिर से चलाने की योजना है। आधिकारिक बयान में कहा गया है, ष्हमें यह सूचित करते हुए खेद है कि परिचालन संबंधी कारणों से 9 मई 2023 तक निर्धारित गो फर्स्ट उड़ानें रद्द कर दी गई हैं।ष एयरलाइन ने 15 मई तक टिकटों की बिक्री पर भी रोक लगा दी है। इस बीच, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइन से उन यात्रियों को पैसे वापस करने को कहा है, जिन्होंने रद्द उड़ानों में टिकट बुक कराया है। एयरलाइन द्वारा तीन मई से तीन दिन के लिए अपनी उड़ानें निलंबित करने के फैसले के बाद डीजीसीए ने गो फर्स्ट को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। नियामक ने बयान में कहा, ''गो फर्स्ट ने 15 मई तक अपनी उड़ानों के लिए टिकट बुकिंग रोकने की सूचना है। एयरलाइन ने कहा है कि वह या तो यात्रियों को टिकट का पैसा लौटाएगी या उन्हें भविष्य की तारीख में उड़ान की अनुमति देगी।''



# SCO summit में भाग लेने के तुरंत बाद इस्लामाबाद जाएंगे चीन के विदेश मंत्री, जानें क्या है वजह



चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने घोषणा की कि चीन के विदेश मंत्री किन गैंग पाकिस्तान में चीन–अफगानिस्तान–पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों की वार्ता में भाग लेने के लिए 5 से 6 मई तक इस्लामाबाद का दौरा करेंगे। किन की यात्रा की औपचारिक घोषणा उस दिन हुई जब चीनी मंत्री शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक और अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए पणजी में मौजूद हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक समिति ने तालिबान के अंतरिम विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी को पाकिस्तानी और चीनी समकक्षों से मिलने के लिए अफगानिस्तान से पाकिस्तान जाने की अनुमति देने पर सहमति व्यक्त की। रॉयटर्स समाचार एजेंसी ने बताया कि पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने मुत्तकी को पाकिस्तान और चीन के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक के लिए 6 से 9 मई के बीच यात्रा करने का अनुरोध किया था। मुत्ताकी ट्रैवल बैन का सामना कर रहे हैं और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रतिबंधों के तहत उनकी संपत्ति फ्रीज कर दी गई है। रॉयटर्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि मुत्तकी की यात्रा का खर्च पाकिस्तान वहन करेगा। पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय बैठकों के साथ–साथ त्रिपक्षीय वार्ता के लिए किन की इस्लामाबाद की यात्रा क्षेत्र के देशों के साथ चीन के व्यस्त जुड़ाव की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें संसाधन–संपन्न लेकिन अलग–थलग पड़े तालिबान के नेतृत्व वाले अफगानिस्तान पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

# Egypt में बस और ट्रक की टक्कर में 14 लोगों की मौत, 25 घायल

काहिरा। दक्षिण पश्चिम मिस्र में एक राजमार्ग पर एक यात्री बस धीमी गति से चल रहे एक ट्रक से जा टकराई, जिससे कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई तथा 25 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों और स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। न्यू वैली प्रांत के गवर्नर मोहम्मद अल जमौत ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार देर रात हुई। उन्होंने एक बयान में कहा कि इस हादसे में 25 अन्य लोग घायल हो गए हैं। उन्होंने कहा कि घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती करवाने तथा मृतकों के शवों को मुर्दाघर ले जाने के लिए मौके पर एंबुलेंस की 17 गाड़ियां भेजी गईं। हालांकि, बयान में विस्तार से नहीं बताया गया है कि दुर्घटना किस वजह से हुई है। एक स्थानीय दैनिक समाचारपत्र अल–शोरौक की खबर में एक अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि बस सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। उन्होंने, बताया कि बस 45 यात्रियों को लेकर राजधानी काहिरा जा रही थी। गौरतलब है कि मिस्र में वाहनों की तेज रफ्तार, खराब सड़क प्रबंधन, लचर यातायात कानूनों की वजह से हर साल दुर्घटनाओं में हजारों लोगों की मौत होती है।



# दरोगा दे रहा पीड़ित पक्ष को जेल भेजने की धमकी, ऑडियो वायरल

## महुआडीह क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के बहला–फुसलाकर भगा ले जाने का मामला

देवरिया। महुआडीह पुलिस एक पीड़ित परिवार की मदद करने की बजाय उसे सुलह करने के लिए धमका रही है। नहीं मानने पर थाने पर तैनात एक दरोगा की तरफ से पीड़ित पक्ष को गाली – गलौज किया जा रहा है। उन्हें आरोपी के साथ उलटे जेल भेजने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित मदद की गुहार लगा रहे हैं। लेकिन दरोगा की दबंगई और धमकी के आगे उनकी एक नहीं चल रही। ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस की कार्यशैली को लेकर लोगों के बीच खूब चर्चा है। महुआडीह क्षेत्र के एक गांव की किशोरी को क्षेत्र के ही एक गांव का युवक अपने प्रेम जाल में फंसाकर 8 अप्रैल की रात को उसके घर से बहला– फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित परिवार ने थाने पर पहुंचकर तहरीर दी। तीन दिन बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। उसका बयान दर्ज कर उसे बाल संरक्षण गृह भेज दिया। उधर,पीड़ित पक्ष आरोपी युवक पर केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग करने लगा। पुलिस ने केस तो दर्ज कर लिया। लेकिन गिरफ्तारी नहीं हुई। उस पर पॉक्सो भी नहीं लगाया गया। पीड़ित पक्ष किशोरी को घर ले जाने से यह कहते हुए साफ मना कर दिया कि पुलिस उन्हें धोखे में रखकर मनमानी कर रही है। पुलिस किशोरी को उसके नाना की सुपुर्दगी में गैर जनपद भेज दिया। इसी बीच एक आडियो वायरल हुआ। उसमें साफ सुनाई दे रहा है कि महुआडीह थाना पर तैनात, इस मामले की विवेचना कर रहा एक दरोगा परिजनों को बुलाया। आरोपी को गिरफ्तार करने की बजाय इधर – उधर की बात कर पीड़ित पक्ष को ही धमकाने लगा। गाली–गलौज करते हुए कहा कि तुम लोग मामले को रफा–दफा कर लो नहीं तो युवक को जेल भेजने के बाद तुम लोगों पर भी केस दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा। पीड़ित परिवार के साथ गए गांव के पड़ोसियों को भी भला–बुरा कहा। इससे परिवार सहमा हुआ है। सोशल मीडिया पर दरोगा के हड़काने का आडियो वायरल होते ही मामले को लेकर लोगों के बीच पुलिस के करतूत पर चर्चा हो रही है। इस संबंध में एसओ महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि धमकाने की बात गलत है। अर्थ का अनर्थ किया जा रहा है। पीड़ित परिवार जांचध्कार्रवाई में पुलिस को सहयोग नहीं कर रहा है। इसलिए उन्हें डांटा जा रहा है।

## भूख से लड़खड़ा कर सड़क पर गिरा पीलीभीत का गायब युवक

देवरिया । पीलीभीत जिले का रहने वाला भटक रहा एक युवक एक दिन पूर्व भूख से लड़खड़ा कर रास्ते पर गिर पड़ा। वह एक स्थानीय चिकित्सक के सहयोग से सूचना पर पहुंचे अपने परिजनों से मिलते ही परिजनों की खुशियों का ठिकाना नहीं रहा। एक युवक देर शाम भाटपार रानी तहसील क्षेत्र के चकिया कोठी– बलिवन मुख्य मार्ग पर चकिया कोठी के पास अचानक सड़क पर गिर पड़ा। उसे देख डॉक्टर सुल्तान हक ने उठाया और भोजन कराया। युवक ने बताया कि भूख से अचानक चक्कर आया और गिर पड़ा। उसने अपना नाम अखिलेश भारद्वाज, पिता का नाम भूपेंद्र भारद्वाज, गांव सकौला, थाना– न्यूरिया, जिला– पीलीभीत बताया। काफी देर बाद जब चिकित्सक मोबाइल नंबर पर संपर्क किए, तो उसके परिजन फफक पड़े। परिजनों ने बताया कि वह एक माह पहले अपने घर से अचानक गायब हो गया था। काफी खोजबीन करने के बाद भी जब वह नहीं मिला, तो परिजनों ने थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराकर उसकी हुलिया प्रकाशित कराया। बावजूद इसके उसका पता न चलने के कारण परिजन किसी अनहोनी को लेकर परेशान थे। चकिया कोठी पहुंचे परिजन ओमप्रकाश उसे अपने साथ लेकर चले गए। थाना अध्यक्ष खामपार नंदा प्रसाद ने बताया कि उन्हें इसकी कोई सूचना नहीं है।

## वाहन की चपेट से लाइनमैन की मौत

देवरिया। गौरी बाजार के बरपार मोड़ के पास वाहन की चपेट में आने से एक लाइनमैन गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बैतालपुर बिजली उपकेंद्र पर तैनात गौरीबाजार क्षेत्र के भगुआं गांव निवासी जितेंद्र कुमार यादव 48 पुत्र काशीनाथ यादव बाइक से दोपहर में उपकेंद्र से बैतालपुर बाजार जा रहे थे। अभी वह बरपार मोड़ के पास पहुंचे थे कि बाइक सड़क किनारे खड़ी कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से अज्ञात चार पहिया वाहन उन्हें टक्कर मार कर भाग निकला। गंभीर रूप से घायल जितेंद्र को परिजन अरौर आसपास के लोग जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जितेंद्र को मृत घोषित कर दिया। जितेंद्र की मौत की खबर सुनते ही परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे। दुर्घटना में पिता की मौत की खबर सुनते ही विदेश में नौकरी कर रहे छोटे बेटे राकेश फोन पर ही फूट–फूट कर रो पड़ा। पत्नी बच्ची देवी और बड़ा बेटा सुशील अचेत हो जा रहे थे। जबकि दोनों बड़ी बेटियां पिता की मौत की खबर सुनकर अपनी ससुराल से मायके आकर पिता के शव से लिपटकर दहाड़े मारकर रोने लगी। गौरी बाजार थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी है, तहरीर मिलने पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।

## तीन लोग मिले कोरोना संक्रमित

महराजगंज। कोरोना संक्रमित तीन मरीज मिले। जिला अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अर्लट कर दिया गया है। जांच में दो ब्लॉकों में तीन लोग कोरोना पॉजिटिव मिले। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ.केपी सिंह ने बताया कि कोरोना से बचाव के लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। सभी लोग मास्क का प्रयोग करें। किसी प्रकार का लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराएं। जांच के दौरान मिठौरा ब्लॉक में एक और फरेंदा ब्लॉक में दो लोग कोरोना संक्रमित मिले।

## वाहन की चपेट में आने से तीन घायल

मिठौरा। सिन्दुरिया थाना क्षेत्र के बरवा सोनिया निवासी आकाश मां शीला व भाई गोविंद के साथ बाइक से घर आ रहे थे। रामपुरमीर चौराहे के पास एक वाहन की चपेट में आ गए। गोविंद (40), शीला देवी (35), अकाश गंभीर (25) रूप से घायल हो गए। तीनों को जिला अस्पताल भेजा गया। प्रभारी निरीक्षक सिन्दुरिया नासिर हुसैन ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## गैस सिलिंडर में लगी आग

भिटौली। पकड़ी बिशुनपुर में रात सूरज चौधरी के घर खाना बनाते वक्त रसोई गैस सिलिंडर में अचानक आग लग गई। इससे अफरातफरी मच गई। आग के विकराल रूप लेने से पहले घर के लोगों ने सिलिंडर को बगल में पोखरी में फेंक दिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर सिलिंडर को कब्जे में ले लिया। आग बुझने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## घायल युवक की मौत

खुटहां बाजार। पनियरा थाना क्षेत्र के खुटहां नहर पर 29 अप्रैल की शाम को घायल मिले 19 वर्षीय संदीप राव की . जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, घुघुली थाना क्षेत्र निवासी संदीप राव बोलने में असमर्थ था। 29 अप्रैल की शाम को खुटहां नहर के पूरब में किसी वाहन की चपेट में आने से घायल हो गया था। पुलिस ने उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा था। परिजनों ने बताया कि जन्म से उसे झटका की बीमारी थी। बोल भी नहीं सकता था। चौकी प्रभारी खुटहां राम शंकर चौधरी ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लावारिस शव बरामद, शिनाख्त में जुटी पुलिस

परसा मलिक। थाना क्षेत्र के नौतनवा ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर ग्राम पंचायत रेहरा टोला मनिकौरा गांव के सामने पुलिया के पास . शव मिला। उसकी उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने में जुट गई। मनिकौरा गांव के सामने पुलिया के पास नाले में .शाम करीब पांच बजे अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा था। शव से कुछ दूरी पर चप्पल व गमछा पड़ा था। शव की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। परसा मलिक थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

## करंट की चपेट में आने से युवक झुलसा

फरेंदा। क्षेत्र के पोखरभिंडा गांव में शादी कार्यक्रम में टेंट लगाते समय हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। फरेंदा थाना क्षेत्र के पोखरभिंडा गांव निवासी अजय (19) दिन में गांव में ही टेंट का सामान लगा रहे थे। उसी दौरान ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गए, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की जानकारी मिलते ही घर में अफरातफरी मच गई। परिजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी ले गए। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया।

## दो बुजुर्ग महिलाओं ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

### सदर कोतवाली के पिपराइच गांव में और रेल लाइन किनारे मिला शव

देवरिया। सदर कोतवाली के पिपराइच गांव में सुबह एक बुजुर्ग महिला का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को फाटक तोड़कर बाहर निकाला। जबकि एक महिला बुजुर्ग का शव रेल लाइन के किनारे मिला है। इन घटनाओं को पुलिस और परिजना आत्महत्या मान रहे हैं। पिपराइच गांव निवासी लालती देवी 70 वर्ष पत्नी रामकेश्वर रात परिजनों के साथ खाना खाने के बाद कमरे में सोने चली गई। सुबह जब वह देर तक सोकर नहीं उठी तो परिजनों ने फाटक खोलने के लिए आवाज दी तो अंदर से जवाब नहीं मिला। इस पर घर के लोगों ने जंगले से देखा तो उसका शव लटक रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाया। परिजनों ने बताया कि लालती देवी मंदबुद्धि थीं। मामूली विवाद घर में होता था। हो सकता है कि इस कारण से उसने आत्महत्या कर ली हो।

दूसरी घटना में बिहार के विजयीपुर थाना क्षेत्र के कुरथिया गांव निवासी संपाती देवी 75 वर्ष बेटे विजय के साथ इलाज कराने के लिए शहर के न्यू कॉलोनी मोहल्ले में एक डाक्टर के पास आई थीं। बेटा विजय ने बताया कि निजी अस्पताल के बाहर मां को बैठा दिया था, कुछ देर बाद देखा तो पता चला कि वह अचानक गायब हो गई हैं। देर रात तक तलाश करने के बाद भी पता नहीं चला तो गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए कोतवाली पहुंच गए। इसी दौरान पुलिस ने बताया कि एक महिला का शव पूरवा चौराहे के पास रेल लाइन किनारे मिला है। इस पर पुत्र ने शव की शिनाख्त संपाती देवी के रूप में की। परिजनों के अनुसार महिला मानसिक रूप से कुछ कमजोर थी। उसका इलाज भी चल रहा था। रात में वह भटककर चली गई है। कोतवाल राहुल सिंह ने बताया कि दोनों मामले में प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला सामने आ रहा है। परिजन यहीं बता रहे हैं। मामले की जांच की जा रही है।

## झमाझम बारिश से गिरा तापमान, गर्मी से मिली राहत

देवरिया। पिछले कुछ दिनों से बादल छाए होने के कारण और सोमवार को जनपद में हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद से तापमान की तल्खी में कमी आई है। मई के शुरुआती दिनों में आमतौर पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जाता रहा है, लेकिन इस साल अभी तक तीन दिन बीतने के बाद भी पारा 35 के पार नहीं पहुंचा है। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। शाम को हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया। इससे तापमान भी नीचे आ गया। अधिकतम तापमान 32 डिग्री तो न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण मई में तापमान में कमी आई है। आने वाले दिनों में बारिश की संभावना है। अप्रैल के आखिरी दिनों से ही चिलचिलाती धूप से लोगों को राहत मिली है। आसमान में लगातार बादल छाए होने से तपिश कम हुई है, वहीं उमस से भी लोगों को छुटकारा मिला है। सुबह–शाम के समय ठंडी हवाएं चल रही हैं। ऐसे में सिहरन महसूस की जा रही है। मल्हना स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक रजनीश श्रीवास्तव के अनुसार, पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर मैदानी भागों पर भी पड़ रहा है। यही कारण है कि तापमान में पिछले साल के मुकाबले अभी गिरावट दर्ज की जा रही है। आने वाले दिनों में भी बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। उन्होंने बताया कि इस समय हुई बारिश से खेत की मिट्टी नरम होगी और जुताई में किसानों को सहूलियत मिलेगी।

## पहले मतदान फिर जलपान के साथ सभी ने वोट किया

गोरखपुर ४ मई। पहले मतदान,फिर जलपान का अनुसरण पूरे परिवार को कराते मां अकलेश शक्ति सदन परिवार के मुखिया श्री दुर्गा



प्रसाद श्रीवास्तव (बाबू जी) जी के सानिध्य में भगवती गर्ल्स इंटर कॉलेज, आर्यनगर के बूथ संख्या 479 पर प्रतिभाग कराते। इसी क्रम में श्री दुर्गा प्रसाद बाबूजी ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी सहभागिता का योगदान देते हुए सभी अपना मतदान सुनिश्चित करें एवं निष्पक्ष निर्भीक समाज के लिए सदैव तत्पर रहने वाला नेतृत्व का चुनाव करें स्मरण रहे लोकतंत्र के इस पावन पर्व पर आप कहीं से मतदान में अछूते ना रह जाएं यह मेरा प्रत्येक मतदाता से विनम्र निवेदन है जिससे एक सफल एवं स्वस्थ्य नेतृत्व का गठन हो सके। इस अवसर पर सर्वश्री डॉक्टर किरन रेलवे अधिकारी इंजीनियर प्रदीप श्रीवास्तव ,प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव ,रेलवे एक्टिविस्ट इंजी. रंजीत कुमार ,प्रसिद्ध उद्यमी एवं मांगलिश इंफ्रा के मुखिया इंजी. संजीत श्रीवास्तव ,सामाजिक कार्यकर्ता मंजीत श्रीवास्तव (सप्पु बाबू),इंजी.अनुभव कुमार इंजी. प्रखर कुमार, डॉ विभा ,श्रीमती निवेदिता श्रीमती स्मिता श्रीमती मनीषा मागिरीश बाबु ,मानित बाबु सहित सभी परिवार के सदस्यों ने परिवारिक सदस्यों ने आज के मतदान में भाग लिया वह अपने अधिकार एवं दायित्वो को पूरा किया ।

## डायरिया और बुखार के मरीज बढ़े

### ओपीडी में एक डॉक्टर के पास 15 से 20 मरीज करा रहे उपचार

महराजगंज। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव से जिला अस्पताल की ओपीडी में डायरिया व बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी है। पर्ची काउंटर से लेकर ओपीडी, जांच व दवा काउंटर तक मरीजों की लंबी कतारें दिखाई दे रही है। सबसे अधिक भीड़ डॉक्टर कक्ष में हो रही है। जिला अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों के पास प्रतिदिन 15 से 20 मरीज डायरिया, बुखार सहित अन्य बीमारियों के आ रहे हैं। इन दिनों मौसम का मिजाज बदल गया है। कभी तेज बारिश तो कभी गर्मी व उमस हो रही है। बारिश के बाद भी गर्मी बनी रहने से मौसमी बीमारियां फैल रही हैं। सिर व बदन दर्द, खांसी, सर्दी, बुखार, उल्टी–दस्त सहित पेट दर्द के मरीजों में इजाफा हो रहा है।

जिला अस्पताल में बच्चों को दिखाने पहुंचे राजेश ने बताया कि दो वर्ष के आयुष के पेट में दर्द हुआ तो करीब के डॉक्टर को दिखाया, लेकिन लाभ नहीं मिला। बच्चे की सेहत बिगड़ने लगी, तो जिला अस्पताल लेकर चला आया।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रंजन मिश्रा ने बताया कि मौसम के बदलाव के कारण डायरिया, बुखार, निमोनिया के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। सेहत को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल इलाज जरूरी है। सीएमएस डॉ. एपी भार्गव ने बताया कि मौसम के बदलाव के समय होने वाली बीमारियों के मरीज जिला अस्पताल में बढ़ रहे हैं। ऐसे में सावधानी जरूरी है। गर्मी में खूब पानी पीएं, उचित भोजन लें, तले–भूने पदार्थ से परहेज करें। किसी प्रकार की परेशानी महसूस होने पर डॉक्टर की सलाह लें।

## हल्की बारिश से गर्मी से मिली राहत

### औसत तापमान छह डिग्री सेल्सियस रहा कम, आने वाले चार दिनों में बढ़ेगी गर्मी

महराजगंज। गर्मी से जूझ रहे लोगों को दोपहर बाद राहत मिली। अचानक हल्की बारिश शुरू हो गई। इससे बाजार में खरीदारी कर लोग यहां–वहां छिपते नजर आए। हालांकि, दो घंटे की हल्की बारिश से मौसम खुशगवार हो गया। रूक रूक कर हल्की बारिश होती रही। औसत तापमान छह डिग्री सेल्सियस कम रहा।

मौसम विशेषज्ञ के अनुसार, बृस्पतिवार को कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबादी हो सकती है। शुक्रवार से मौसम साफ रहने की संभावना है। अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मई का औसत तापमान 38 डिग्री सेल्सियस होना चाहिए। इस मौसम में अधिकतम तापमान में गिरावट होने से हल्के ठंड का एहसास हो रहा है। देर शाम तक मौसम खराब रहा। पछुआ हवा की गति मध्यम रही। शहर के अलावा आसपास के क्षेत्रों में भी हल्की बारिश हुई। शहर के राधेश्याम ने बताया कि मई में मौसम में अचानक बदलाव होने से गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम में उतार चढ़ाव होने से सेहत पर इसका असर दिख रहा है।

मौसम विशेषज्ञ कैलाश पांडेय ने बताया कि आने वाले चार दिनों में गर्मी बढ़ने के आसार हैं। पछुआ हवा चलेगी। शुक्रवार से मौसम साफ रहेगा। अधिकतम पारा 38 से 40 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। न्यूनतम पारा 25 से 26 डिग्री सेल्सियस रहेगा। नमी थोड़ी सी कम होने संभावना दिख रही है।

## दो पक्षों में मामूली कहासुनी में युवक को पीटा

### –पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज किया केस

गोसाईगंज–अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली इलाके के एक गांव में दो पक्षो के बीच मामूली कहासुनी के बाद एक पक्ष के कुछ लोगो ने एक युवक को बुरी तरह से पीट डाला। मामले में पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।कोतवाली इलाके के बीकापुर गांव निवासी राहुलकुमार पुत्र अजीत कुमार का कहना है कि बुधवार को उसकी पत्नी और विपक्षी में भूसी को लेकर कुछ कहासुनी हो गयी।आरोप है कि नाराज होकर विपक्षीगण रविशंकर पुत्र अजीतकुमार, तारा पत्नी अजीतकुमार, सन्तोष पुत्र हिम्मत,रोली पुत्री अजीतकुमार अपने कुछ साथियों के साथ(नाम पता अज्ञात) के साथ आये और अपशब्द कहते हुए लाठी,डंडे से उस पर हमलावर हो गए।हमले में वह जमीन पर चिल्लाते हुए गिर पड़ा।आवाज सुनकर दौड़े दादा व दादी को भी हमलावरों ने नही बख्सा,जिससे उसकी दादी लहूलुहान हो गयी।पीड़ित ने 112 पर सूचना दी तो पुलिस तीनो को गोसाईगंज सीएचसी ले जाकर इलाज कराया गया।आरोप यह भी है कि जब उन सभी को इलाज के लिए पुलिस सीएचसी ले गयी तो अकेली पाकर उसकी पत्नी खुश्बू को भी बेरहमी से पीटा,जिससे उसे भी गम्भीर चोटे आई है।एसएचओ अक्षयकुमार के मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर केस दर्जकर मामले में विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## स्कूल कालेज 06 मई को प्रातः 10.00 बजे से 4.00 शायं बजे तक रहेगें खुलें:जिलाधिकारी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी (पं0/न0नि0) चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद से निर्गत सार्वजनिक सूचना के आधार पर जनपद में नगर निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 सम्पन्न कराये जा रहे हैं, जनपद में 11 मई,2023 को होना निर्धारित है। मतदान स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं एवं पहुंच मार्ग की जॉच हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा 06 मई,2023 को पुनः भ्रमण किया जायेगा। इस दौरान ऐसे स्कूलध्कालेज जो नगर निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 हेतु मतदान केन्द्रध्स्थल के रूप में चिन्हित है, उन स्कूलोंध्कालेजों को 06 मई,2023 को प्रातः 10.00 बजे से 4.00 शायं बजे तक खुला रखा जाये।

# 04 जुलाई, तक जनपद में धारा–144 रहेगी प्रभावी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि कोविड–19 संक्रमण से बचाव के लिए लागू उपायों के अनुपालन एवं आगामी प्रमुख त्यौहारों, पर्वों व संभावित परीक्षाओं के दौरान विधि एवं शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत जनपद सोनभद्र के सम्पूर्ण क्षेत्रों में निषेधाज्ञा पारित किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में ''नोवेल कोरोना वाइरस'' के संक्रमण एवं महामारी से बचाव के लिए जन सामान्य सुरक्षा दृष्टिगत बचाव एवं नियंत्रण के उपायों, कोविड–19 के प्रसार की रोक थाम के लिए सोशल डिस्टेसिंग एवं अन्य उपाय लागू करने के लिए महामारी अधिनियम,1897 (अधिनियम संख्या–3 सन् 1897) की धारा–2 व इसके अन्तर्गत जारी उ0प्र0 शासन, चिकित्सा अनुभाग–5 के द्वारा 14 मार्च, 2020 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा पारित करते हुए 04 मार्च, 2023 से 03 मई, 2023 तक प्रभावी किया गया था, जिसकी अवधि समाप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि आगामी दिवसों में सम्पन्न हो रहे नगर निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 जिसकी निर्वाचन अवधि तक आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने तथा अग्रेतर पड़ने वाले विभिन्न महत्वपूर्ण त्यौहारों, यथा बुद्ध पूर्णिमा, लोक नायक महाराणा प्रताप जयन्ती, इदुज्जुहा (बकरीद) एवं समय–समय पर शासन स्तर से निर्धारित एवं स्थानीय स्तर पर जनपद में सम्पन्न हो रहे विभिन्न आवश्यक परीक्षाओं के दौरान विधि एवं शान्ति व्यवस्था स्थापित रखे जाने की आवश्यकता के दृष्टिगत निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा–144 जा0फौ0 प्रभावी किया जाना अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि आगामी पर्वध्त्यौहारों के दृष्टिगत भड़काऊ एवं विद्वेष फैलाने वाली भ्रामक अफवाह न फैलाई जाये, इसके रोकथाम के लिए जनपद स्तर पर सोशल मीडिया की कड़ी निगरानी अवश्य रखी जायेगी, जनपद के अधिसूचना तंत्र को और अधिक प्रभावी एवं सक्रिय कर दिया जाये, किसी भी सभा में गड़बड़ी करना या करवाना या डरा–धमकाकर या आतंकित करके शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करवाना प्रतिबन्धित रहेगा। किसी भी दशा में सचलध निरीक्षण दल के पुरूष सदस्य द्वारा बालिकाओं की तलाशी नहीं की जायेगी, आवश्यकतानुसार केवल महिला सदस्यों द्वारा ही बालिकाओं की तलाशी ली जा सकेगी, लोकहित व विधि और व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत यह निषेधाज्ञा तत्काल जारी की जानी आवश्यक है, अल्प समयावधि के कारण वर्तमान में व्यक्तिगत रूप से इस पर सुनवाई संभव नहीं है, यह निषेधाज्ञा एक पक्षीय आधार पर जारी की जा रही है, यह निषेधाज्ञा 05 मई, 2023 से 04 जुलाई, 2023 तक, यदि आवश्यक कारणों से इसे मध्य में ही वापस न ले लिया गया, तद्नुसार प्रभावी रहेगी। उपरोक्त किसी भी प्राविधान का उल्लंघन पाये जाने की दशा में निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा–144 जा0फौ0 एवं कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत तत्सम्बन्धित लागू आपदा–प्रबन्धन अधिनियम–2005 एवं 188 भा0द0वि0 की प्रभावी सुसंगत धाराओं में वर्णित प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। लागू की गयी इस धारा के तहत जनहित एवं आवश्यकता के दृष्टिगत उपरोक्त वर्णित समस्त प्रावधानों का कड़ाई एवं तत्परता पूर्वक अनुपालन सुनिश्चित किया जाये,यह निषेधाज्ञा 04 मई, 2023 को जिला मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से निर्गत की गयी है।

# कचहरी परिसर में आए दिन खराब एसबीआई एटीएम को चालू करने की मांग

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज




तहसील परिसर स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) का एकमात्र एटीएम तकनीकी गड़बड़ी के कारण अक्सर बंद रहता हैं। इस कारण राशि निकासी नहीं कर पाने से लोगों को काफी दिक्कत हुई। यहां कचहरी परिसर में एकमात्र एटीएम हैं। जिसमें कचहरी परिसर अधिवक्तागण, वादकारी एवम् अन्य लोगों को आए दिन एटीएम खराब होने की समस्या से जूझना पड़ता है। कैश की जरूरत पड़ने पर अधिवक्ता, अधिकारियों, कर्मचारियों आदि को एटीएम खराब होने से मायूस हाकर लौटना पड़ता है। जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, अधिवक्तागणों की शिकायत है कि तहसील परिसर स्थित एकमात्र एसबीआई एटीएम को अविलंब शुरू कराया जाने को लेकर विरोधकर अधिवक्तागण यह एटीएम सिर्फ देखने के लिए है का बोर्ड चस्पा कर विरोध दर्ज कराया। वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार यादव ने कहा कि एटीएम खराब हो जाने से परेशानी बढ़ जाती है। राशि निकासी नहीं होने से छोटे–मोटे कार्य नहीं पाते हैं। एटीएम से पैसा निकालने के लिए कचहरी परिसर से अधिवक्ता गणों अधिकारियों को बाहर जाना पड़ता है जिससे समय की बर्बादी तथा आने परेशानी से सामना कर सामना करना पड़ता है। इस अवसर पर सत्य प्रकाश कुशवाहा एड, ओमप्रकाश सिंह एड, पवन कुमार सिंह एड, मृगराज सिंह एड, कामता प्रसाद यादव एड, सुरेश कुमार शर्मा एड, टीटू प्रसाद गुप्ता एड, रामप्रसाद यादव एड, अरुण पांडेय एड, आदि लोगों ने विरोध दर्ज कराया।

# लावारीस हाल मे मिली महिला के सम्बन्ध में सूचना तत्काल लिया संज्ञान



दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। रात्रि 12 बजे थाना शाहगंज कस्बा के चौकी प्रभारी उप निरीक्षक योगेन्द्र पाण्डेय द्वारा सूचना प्राप्त हुयी की एक 23 वर्ष की अज्ञात लावारिश महिला शाहगंज कस्बा हनुमान मंदिर पर पायी गयी है जिसपर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला प्रोवेशन अधिकारी राजेश कुमार खैरवार ने महिला शक्ति केन्द्र से जिला समन्वयध्नोडल साधना मिश्रा व जिला बाल संरक्षण इकाई सोनभद्र से ओ आर डब्ल्यू शेषमणि दुबे की टीम को निर्देशित किया की तत्काल नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अवगत कराये जिसके उपरान्त टीम द्वारा शाहगंज कस्बा हनुमान मंदिर पर पहुँच कर अज्ञात महिला को अपनी अभिरक्षा में लेते हुए महिला पूछ ताछ किया गया उसके उपरान्त टीम द्वारा तत्काल अज्ञात महिला को सुरक्षाध्संरक्षण प्रदान करने हेतु शक्ति सदन संस्था मे आवासित कराया जिसके सम्बन्ध में साधना मिश्रा द्वारा बताया गया कि महिला की काउन्सलिग करायी जायेगी



उसके बाद नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी मौकेपर शाहगंज चौकी प्रभारी उप निरीक्षक योगेन्द्र पाण्डेय मुख्य आरक्षी मोहम्मद तोकिर खान मानव तस्करी रोधी इकाई से मुख्य आरक्षी धनञ्जय यादव आरक्षी शालनी वैश्य आदि उपस्थित रहे।

# अपहरण के तीन दोषियों को 10–10 वर्ष की कैद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। एक वर्ष पूर्व दुकानदार का अपहरण करने के मामले में वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर तीन दोषियों निशु शाह उर्फ सद्दाम, अब्दुल वाजिद व गुलाम रसूल को 10–10 वर्ष की कैद व 13–13 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6–6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक घोरावल कोतवाली क्षेत्र के जयमोहरा धरसडा गांव निवासी पंकज गुप्ता पुत्र रामा गुप्ता ने थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 16 मार्च 2022 को शाम 8 बजे वह अपनी परचून की दुकान पर बैठा था तभी सफेद रंग की बगैर नंबर की पिकअप से तीन लोग आ गए और स्प्राईट व बिसलेरी बोतल मांगा। जब उन्हें दे दिया तो वे लोग जाने लगे। जब पैसे की मांग किया तो तीनों ने उसे जबरन पकड़ लिया और पिकअप पर बैठाकर गली देते हुए ले जाने लगे और यह कहने लगे कि जान से मारकर फेक दिया जाएगा। जब गुरेठ गांव की ओर से जा रहे थे तभी दो पुलिस वाले दिखाई दिए, जिन्हें देखकर बचाओ कहकर चिल्लाने लगा। पुलिस वालों ने शक होने पर पिकअप का पीछा किया और आगे जाकर रोक दिया। इतने में तीनों कूदकर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए। पुलिस वालों के साथ थाने पर पिकअप पर बैठकर आया और तीनों अपहरण करने वालों घोरावल निवासी निशु शाह उर्फ सद्दाम पुत्र मुहम्मद ईदीश शाह उर्फ लल्लन, अब्दुल वाजिद पुत्र जलील मंसूरी उर्फ बेचू व गुलाम रसूल उर्फ बीएल मंसूरी के विरुद्ध एफ आई आर दर्ज कराया, क्योंकि इन्हें पहले से जानता था। इनलोगों ने पहले भी दुकान से सामान लिया है और पैसा नहीं दिया, बल्कि जान मारने की धमकी दी जाती है। मामले की विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर तीनों दोषियों निशु शाह, अब्दुल वाजिद व गुलाम रसूल को 10–10 वर्ष की कैद व 13–13 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6–6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने बहस की।

# कर्नवाह में श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का होगा आयोजन

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमा,सोनभद्र। करमा बिकास खण्ड के कर्नवाह गाँव में लक्ष्मी




नारायण यज्ञ का आयोजन 7 मई से 13 मई तक होना सुनिश्चित हुआ है मुख्य आयोजक डा, गोपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिक से अधिक भक्त जन यज्ञ में सम्मिलित होकर पूण्य के भागी बनें।

# 09 मई, को सायं 06.00 बजे से 11 मई तक बन्द रहेंगे शराब की दुकाने–जिला मजिस्ट्रेट

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 के मतदानध्मतगणना के दौरान लोक शान्ति बनाये रखने के उद्देश्य से उ0प्र0 आबकारी अधिनियम, 1910 की धारा–59 के अन्तर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आबकारी की दुकानों (देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर, भांग एवं ताड़ी की फुटकर बिक्री की दुकानों) को जनपद सोनभद्र के लिए अधिसूचना द्वारा निर्धारित मतदान दिवस को सम्पूर्ण जनपद में मतदान समाप्ति के लिए नियत समय से 48 घण्टा पूर्व से मतदान दिवस को मतदान समाप्ति होने तक अर्थात् मतदान के तिथि से 02 दिन पूर्व के तिथि को सायं 06.00 बजे से मतदान के तिथि को मतदान समाप्त होने तक (उदाहरणार्थ जनपद सोनभद्र के लिए मतदान का 11.मई, को नियत निर्धारित है। जिसके मद्देनजर 09 मई, को सायं 06.00 बजे से 11 मई 2023 को मतदान समाप्ति होने तक) तथा जनपद में मतगणना प्रारम्भ होने के तिथि से पूर्व के दिनांक को सायं 06.00 बजे से मतगणना समाप्ति के दिनांक को रात्रि 12.00 बजे तक बन्द कराये जाने हेतु संगत नियमावली एवं लाइसेंस शर्तो के अधीन कार्यवाही सुनिश्चित की जाए एवं मादक वस्तुओं की बिक्री पर भी प्रभावी अंकुश लगाया जाना सुनिश्चित की जाये।

# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, आनलाइन संचालित

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। प्र0उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र आर0पी0 गौतम ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में शिक्षित बेरोजगारों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष–2023–24 के लिए ''मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना'' जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, सोनभद्र के माध्यम से आनलाईन संचालित की जा रही है।, जिसे कपनचउेउम.नचेकब.हवअ.पद पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। योजनान्तर्गत सेवा खेत्र में 10 लाख रूपये की परियोजना तथा उद्योग क्षेत्र के लिए 25 लाख तक की परियोजना प्रस्ताव को आनलाईन भर कर उसकी हार्ड कापी की एक प्रति समस्त संलग्नकों सहित प्र0उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, जिसके सापेक्ष परियोजना लागत का 25 प्रतिशत मार्जिन मनी (अनुदान) लाभार्थी को उपलब्ध करायी जायेगी,इसमें 18 से 40 वर्ष के हाईस्कूल उत्तीर्ण अथवा समकक्ष योग्यताधारी बेरोजगार युवक एवं युवतियां आनलाईन (पोर्टल पर) आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिये अजित सिंह, सहा0 प्रबन्धक मो0 नं0–6306233232 एवं चन्द्र प्रकाश पटेल, सहा0 प्रबन्धक, मो0 नं0–9648370157 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

# रिचार्ज पीट को समय से पूर्ण कराए ग्राम प्रधान–डीपीआरओ



दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जनपद में भूगर्भ जल स्तर को रिचार्ज करने के लिए जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के द्वारा चलाए गए डीप बोरवेल रिचार्ज पीट निर्माण के अभियान का असर दिखाई देने लगा है। जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में इस पर कार्य शुरू हो चुका है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह ने रिचार्ज पीट को पूर्ण कराने एवं ग्राम पंचायतों में जो भी खराब बोर पड़ा है उन पर भी रिचार्ज पीट बनाए जाने के लिए विकास खंड घोरावल एवं करमा के सभी ग्राम प्रधान और सचिव के साथ बैठक कर इसकी समीक्षा की गई। समीक्षा में 1 सप्ताह में कार्य पूर्ण कराए जाने की योजना पर चर्चा की सचिव वार ग्राम पंचायतों की समीक्षा की गई। जिसमें सभी ग्राम प्रधान एवं सचिव को निर्देशित किया गया कि रिचार्ज पीट जिन पर कार्य चल रहा है एवं थोड़े–थोड़े कमियों की वजह से पूर्ण नहीं है उनको प्रत्येक दशा में शनिवार तक पूर्ण करा लिया जाए। इसी प्रकार जिन ग्राम पंचायतों में और खराब बोर उपलब्ध है और कार्य शुरू नहीं हुआ है वहां पर भी कार्य शुरू कराए जाएं। विकास खंड घोरावल ग्राम पंचायत दुगौलिया के ग्राम प्रधान ने छोटी ग्राम पंचायत होने के बावजूद पानी की समस्या को देखते हुए 6 रिचार्ज का कार्य पूर्ण करा लिए एवं 4 पर निर्माण कार्य चल रहा है। इस पर सभी प्रधान के समक्ष ताली बजाकर ग्राम प्रधान का हौसला अफजाई किया गया। सभी ग्राम प्रधान से आह्वान किया गया कि जो ग्राम पंचायतें रिचार्ज पीट निर्माण में अच्छा कार्य करेंगे जिलाधिकारी से उनको सम्मानित भी कराया जाएगा। सभी सचिवों को बैठक में निर्देशित किया गया अगले बैठक तक रिचार्ज पीट का कार्य पूर्ण नहीं पाया जाता है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत जावेद और डीसी अनिल केशरी उपस्थित रहे।

# विटामिन सी का खजाना हैं ये 10 आहार, रोगप्रतिरोधक क्षमता होगी मजबूत

कोरोना वायरस महामारी ने लोगों को इम्यूनिटी को लेकर काफी सचेत कर दिया है। इसके लिए हमारे शरीर को कई सारे विटामिन्स की जरूरत प्रतिदिन होती है। इन्हीं में से एक जरूरी तत्व हैं विटामिन सी जो न केवल उनकी इम्युनिटी को मजबूत रखता है, बल्कि स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद है। विटामिन–सी प्रमुख रूप से हमारी शरीर में मौजूद कोशिकाओं के विकास में सक्रिय भूमिका निभाती है। यह शरीर को मजबूत बनाने, बढ़ती उम्र को रोकने और शरीर को संक्रमण के खतरे से बचाने का काम करते है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे आहार की जानकारी देने जा रहे हैं जो विटामिन सी से भरपूर हैं। इन आहार का सेवन आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद रहेगा। आइये जानते हैं इन आहार के बारे में...

अनानासः विटामिन सी के लिए आप अनानास भी खा सकते हैं। इससे इम्यूनिटी मजबूत होती है। साथ ही हड्डियों को मजबूत बनाता है। अनानास में मैंगनीज भी पाया जाता है जो फलों में काफी कम होता है। 1 कप अनानास में करीब 79 मिलीग्राम विटामिन सी होता है।

अमरूदः अमरुद कई लोगों का पसंदीदा फल होता है। जो सामान्यत लोगों के घरों और ग्रामीण क्षेत्रों में मिल जाता है। इस फल से विटामिन सी भरपूर मात्रा में मिलता है। 100 ग्राम अमरुद का सेवन करने से हमारे शरीर को करीब 212 मिलीग्राम विटामिन सी मिलती है।




आंवलाः विटामिन सी की मांग को पूरा करने के लिए आवंले का इस्तेमाल करना एक बेहतर विकल्प हो सकता है। इसमें विटामिन सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है। 100 ग्राम आवंला से करीब 600 मिलीग्राम विटामिन सी मिलता है। इसका इस्तेमाल कई तरह से किया जाता है। आंवले का इस्तेमाल अचार, मुरब्बा, आइसक्रीम व अन्य तरह से किया जा सकता है।

ब्रोकोलीः हरी सब्जियों में भी विटामिन सी पाया जाता है। ब्रोकोली विटामिन सी का अच्छा सोर्स है। ब्रोकोली में विटामिन सी के अलावा फोलेट, आयरन और विटामिन ए भी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। जितना अधिक मात्रा में आप ब्रोकोली खाएंगे उतना अधिक आपको विटामिन सी प्राप्त होगा। ब्रोकोली को पकाने से विटामिन सी की मात्रा कम हो जाती है, इसलिए इसे अधिक पकाकर न खाएं।

पपीताः पपीता अपने नैचुरल लैक्सेटिव गुणों की वजह से जाना जाता है, जो पाचन शक्ति को मजबूत बनाता है। इसके साथ ही पपीता विटामिन–सी का भी बड़ा स्त्रोत माना जाता है। पपीते में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करते हैं। इसके अलावा पपीता खाने से पेट संबंधी बीमारियां दूर रहती हैं।

चकोतराः चकोतरा संतरे की श्रेणी में आता है और इस वजह से यह विटामिन सी से समृद्ध होता है। आधे चकोतरे में 45 मिलीग्राम विटामिन सी, फाइबर, पोटैशियम और अधिक मात्रा में विटामिन ए होता है। चकोतरे में कैलोरी की मात्रा कम होती है। यह खाने में थोड़ा खट्टा होता है, इसलिए इसे खाने से पहले आपको इसके ऊपर चीनी डालनी पड़ेगी या फिर कुछ मीठा खाद्य पदार्थ अपने साथ में रखना होगा। आप चकोतरे को नाश्ते में खा सकते हैं या उस का जूस भी निकालकर पी सकते हैं।

पालकः पालक इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के लिए भी काफी अहम रोल निभाती है। वहीं, जब बात हो रही हो विटामिन–सी की, तो वहां पर भी पालक का जिक्र जरूर होता है। दरअसल, पालक भी विटामिन–सी के उत्तम खाद्य पदार्थों में से एक गिना जाता है। यही वजह है कि कई लोगों के द्वारा इस हरी पत्तेदार सब्जी को खाने के लिए जरूर इस्तेमाल किया जाता है।

शिमला मिर्चः शिमला मिर्च विटामिन–सी, ई और ए, फाइबर और फोलेट व पोटैशियम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। फोलेट हीमोग्लोबिन को बढ़ाने में मदद करता है और साथ ही पाचन शक्ति को भी बढ़ावा देता है। यह इम्यून सिस्टम को भी स्ट्रॉन्ग करता है।

फूल गोभीः फूल गोभी खाने में स्वादिष्ट होती है और यह विटामिन सी का बेहतरीन स्रोत है। एक कप कटी हुई फूल गोभी में 50 मिलीग्राम विटामिन सी मौजूद होता है। फूल गोभी फाइबर, कैल्शियम, पोटेशियम, फोलेट और विटामिन के से समृद्ध होती है। साथ ही इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स के भी गुण पाए जाते हैं। गोभी को आप सलाद में मिलाकर खा सकते हैं या फिर इसकी सब्जी भी तैयार कर सकते हैं। पकी हुई गोभी भी आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छी है, एक कप पकी हुई फूल गोभी में 30 मिलीग्राम विटामिन सी होता है।

## विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म का नाम होगा जरा हटके जरा बचके

लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म काफी समय से चर्चा में है। फिल्म के सेट से कई तस्वीरें सामने आई थीं। फिल्म से सारा और विक्की का पहला लुक भी सामने आ चुका था, लेकिन अब तक इसका नाम तय नहीं हुआ



था। अब इस चर्चित फिल्म को नाम मिल गया है। इस रोमांटिक कॉमेडी फिल्म का नाम जरा हटके जरा बचके रखा गया है। जियो स्टूडियोज ने अपनी आने वाली फिल्मों की घोषणा की है। इस घोषणा में भेडिया 2, स्त्री 2, डंकी जैसी फिल्मों का नाम शामिल हैं। इसी घोषणा में लक्ष्णन उतेकर की यह चर्चित फिल्म भी शामिल थी, जिसके टाइटल का खुलासा कर दिया गया। इससे पहले लक्ष्मण ने फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर फिल्म से विक्की और सारा का लुक शेयर किया था। उन्होंने लिखा था, नाम में क्या रखा है, अभी तो रैप हुआ है। फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर सारा ने भी एक भावुक नोट लिखा था। उन्होंने लिखा था, मुझे विश्वास नहीं होता यह खत्म हो गया है। थैंक्यू लक्ष्मण उतेकर सर, मुझे सौम्या का किरदार देने के लिए। आपके सहयोग और धैर्य के लिए आपको धन्यवाद। आपने हर रोज मुझे बेहतर करने की प्रेरणा दी। सारा ने विक्की को भी इस सफर को यादगार बनाने के लिए ध न्यवाद दिया। उन्होंने बताया था कि विक्की के साथ सेट पर खूब मस्ती हुई। यह एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है। आईएमडीबी के अनुसार यह एक ऐसे कपल की कहानी है, जो अपने तरीके से एक घर लेने के फिराक में है। इसके लिए वह केंद्र सरकार की एक योजना का लाभ उठाना चाहता है। निर्माताओं ने फिलहाल फिल्मे की रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया है। उम्मीद है यह फिल्म इसी साल रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब लक्ष्मण इसके पोस्ट–प्रोडक्शन पर काम कर रहे हैं। विक्की ने एक लक्ष्मण उतेकर के साथ एक अन्य फिल्म के लिए भी हाथ मिलाया है। यह युद्ध पर आधारित एक बड़े बजट की फिल्म होगी। चर्चा है कि फिल्म में विक्की छत्रपति सांभाजी का किरदार निभाएंगे। इसके अलावा वह तृप्ति डिमरी के साथ एक रोमांटिक फिल्म में भी काम कर रहे हैं। सारा की बात करें तो वह फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में एक स्वतंत्रता सेनानी का किरदार निभाएंगी। वह मर्डर मुबारक में भी नजर आएंगी।




## मल्टीकट आउटफिट में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर लगीं हुस्न की मलिका, फोटो से नजरें हटाना होगा मुश्किल



जाह्नवी कपूर अपनी कातिलाना अदाओं और दिलकश अंदाज से हर किसी को अपना बनाने का हुनर रखती हैं। मिली फिल्म में उनके अभिनय ने फैंस को हैरान कर दिया। वहीं, सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली जाह्नवी कपूर कहर बरपा रही हैं। जाह्नवी कपूर ग्रीन कलर की मल्टी कट आउटफिट में अपने हुस्न का जलवा बिखेरती नजर आ रही हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही है। ओपन हेयर स्टाइल के साथ मिनिमल मेकअप में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर गजब की बला लग रही हैं। एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अपनी खूबसूरती से अपने फैंस को रिझाना बखूबी जानती हैं। जाह्नवी कपूर ग्रीन कलर के आउटफिट में कई डिफरेंट अंदाज में पोज देती नजर आईं, जिन्हें फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीर वायरल होते ही फैंस उनकी तस्वीर पर ढेरों कमेंट्स कर रहे हैं। खूबसूरती और किलर स्माइल के चलते फैंस के दिलों पर राज करने वाली एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने बॉलीवुड में अच्छा मुकाम हासिल किया है। ज्यादातर सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर एक बार फिर अपने कर्वी फिगर से फैंस की धड़कनें बढ़ाने का काम कर रही हैं। एक्ट्रेस जाहवी कपूर ने अपने निजी और प्रोफेशनल पलों को फैंस के साथ साझा करती रहती हैं। अगर जान्हवी की आगामी फिल्म की बात करें तो वो फिल्म श्मिलीश में नजर आ चुकी हैं। वहीं, वो अब वरुण धवन के साथ श्बवालश में नजर आएंगी।

## ईशा तलवार को सास बहु और फ्लेमिंगो के सेट पर डिपल कपाडिया के साथ हार्मोनियम बजाना अच्छा लगता है



एक्ट्रेस ईशा तलवार ने श्सास बहु और फ्लेमिंगोत्र के शो पर जानी–मानी अभिनेत्री डिंपल कपाडिया के साथ हार्मोनियम बजाने की प्रैक्टिस के अनुभव साझा किए। ईशा ने कहा, मुझे लगता है कि मैंने डिंपल कपाडिया से जुड़ी सबसे बेवकूफी वाली बात यह की कि हार्मोनियम लेकर सरगम की प्रैक्टिस करने उनके रूम में चली गई। मैं कोई एक्सपर्ट नहीं हूं। अक्सर मैं अकेली ही प्रैक्टिस करती हूं क्योंकि यह सबसे सुरक्षित विकल्प है। लेकिन जब डिंपल ने हार्मोनियम देख लिया तो मैंने उनके रूम में उनके लिए बेसिक धुन बजाई और हमने छोटे बच्चों की तरह प्रैक्टिस की।

ईशा ने क्षेत्रीय और हिंदी सिनेमा में काम किया है। वह श्ट्यूबलाइट्त्र, श्आर्टिकल 15त्र, श्शर्माजी नमकीनत्र, श्रन बेबी रनत्र जैसी फिल्मों में आ चुकी हैं। उन्होंने श्मिर्जापुरत्र, श्रोज रोजत्र और अन्य वेब शो में भी काम किया है। ईशा ने बताया कि डिंपल ने कैसे गाना और हार्मोनियम बजाना इन्जॉय किया। उन्होंने कहा, उन्होंने साथ–साथ गाया और मेरे लिए उस यादगार दोपहर की अंत गर्मजोशी के साथ उनके गले लगने से हुई। उन्होंने अपनी जिंदगी के कुछ मीठे किस्से भी सुनाए। इस शो में सास–बहु के रिश्ते को नया आयाम दिया गया है और इसे नये सिरे से डिफाइन करने की कोशिश की गई है। शो में डिंपल कपाडिया ने सावित्री का रोल किया है जो एक कंपनी चलाती है और उसकी आड़ ड्रग्स का धंध ाा करती है। वह अपने परिवार की मुखिया है जिसमें उनके अलावा तीन और महिलाएं हैं दृ उनकी दो बहुएं और एक बेटी। मैडॉक फिल्म्स इस शो का निर्माता है जबकि इसके निर्देशक होमी अदजानिया हैं। इसमें डिंपल कपाडिया, राधिका मदान, अंगिरा धर और ईशा तलवार मुख्य भूमिकाओं में हैं। उनके साथ आशिष वर्मा, वरुण मित्रा, उदित अरोड़ा, दीपक डोबरियाल और मोनिका डोगरा भी हैं। श्सास बहु और फ्लेमिंगोत्र डिजनीप्लस हॉटस्टार पर 5 मई को रिलीज हो रही है।

## औषधीय गुणों के लिए जाना जाता हैं शहद, गर्म पानी में पिएं मिलाकर



गर्म या गुनगुना पानी पीना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है और कई लोग सुबह उठते ही इसका सेवन करते हैं। लेकिन वहीं ज्यादा फायदा पाने के लिए इसमें शहद भी मिलाया जा सकता हैं। शहद में एंटी इंफ्लामेटरी, औषधीय और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो कई बीमारियों को दूर कर सकते हैं। शहद में विटामिन सी, आयरन, कैल्शियम, पोटैशियम, फॉस्फोरस, जिंक, शुगर, कार्बोहाइड्रेट, राइबोफ्लेविन, एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो आपको सेहतमंद रखने में कई तरह से अपनी भूमिका निभाते हैं। आइए जानते हैं सुबह गुनगुने पानी में शहद मिलाकर पीने से सेहत को मिलने वाले फायदों के बारे में...

वजन कम करने में सहायकः बी ब्यूटीफुल डॉट इन के अनुसार वजन कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीना काफी फायदेमंद होता है, क्योंकि शहद और गर्म पानी बॉडी के मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने के साथ–साथ लंबे समय तक पेट को भरा रखता है और ब्लोटिंग की समस्या में भी मददगार है, जिससे जल्दी वजन घटाने में सहायता मिलती है। बेहतर रिजल्ट के लिए इस ड्रिंक में इसमें एक नींबू भी मिला सकते हैं।

गले के इन्फेक्शन में फायदेमंदः गले के इन्फेक्शन राहत पाने के लिए रोज सुबह गुनगुने पानी में शहद को मिलाकर सेवन करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। गुनगुने पानी में शहद मिलाकर पीने से गले में मौजूद बैक्टीरिया खत्म हो जाते हैं। साथ ही इसका सेवन करने से सर्दी, खांसी, बंद नाक, और बुखार जैसी समस्याओं से राहत मिलती है।

इम्यून सिस्टम के लिए फायदेमंदः नियमित गर्म पानी के साथ शहद का सेवन करने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है और जल्दी–जल्दी बीमार पडने से छुटकारा मिलता है। शहद विटामिंस, न्यूट्रिएंट्स और एंटीऑक्सीडेंट्स के साथ–साथ एंटीमाइक्रोबॉयल प्रॉपर्टी से भरपूर होता है, जो सेल्स को बीमारियों से लडने की शक्ति प्रदान करता है।

बॉडी को हाइड्रेटेड रखने में सहायकः बॉडी के हाइड्रेटेड रहने से व्यक्ति की हेल्थ बेहतर रहती है। गर्म पानी और शहद दोनों में मॉइश्चराइजिंग गुण मौजूद होते हैं, जिसका हर सुबह सेवन करने से बॉडी दिनभर हाइड्रेटेड रहती है और डिहाइड्रेशन की समस्या से छुटकारा मिलता है।

पाचन के लिए बेहतरीनः शहद में फाइबर होता है ऐसे में ये पाचन के लिए अच्छा साबिक होता है। शहद का पानी सूजन को कम करता है और आपके पाचन में सुधार करता है। यह हमारे शरीर में मौजूद हानिकारक केमिकल की मात्रा को कम करता है जो ब्लोटिंग और गैस के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके अलावा शहद एंटीऑक्सिडेंट और एंटी–बैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है जो हमारी इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद कर सकता है।

हीमोग्लोबिन लेवल बढाएंः शरीर का हीमोग्लोबिन लेवल बढ़ाने के लिए रोज सुबह गुनगुने पानी में शहद को मिलाकर सेवन करना बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। गुनगुने पानी में शहद मिलाकर पीने से शरीर का हीमोग्लोबिन बढ़ता है। जिससे शरीर में होने वाली खून की कमी दूर होती है।

क्रेविंग्स को करें कंट्रोलः बहुत से लोगों को रात में कुछ मीठा या अनहेल्दी खाने की क्रेविंग्स परेशान करती हैं, खासकर जो लोग रात में देर से सोते हैं यह परेशानी उन लोगों के साथ अध िक देखने को मिलती है। लेकिन शहद आपकी इन क्रेविंग्स को कंट्रोल रखने में मदद करता है और आपकी वजन प्रबंधन में भी मदद करता है।

शरीर की गंदगी होती है साफः यह आपके शरीर में मौजूद हानिकारक, अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। आपने जो कुछ भी पूरा दिन उल्टा–सीध ा या अनहेल्दी खाया है उसके प्रभाव को कम करने और टॉक्सिन्स से लडने में मदद करता है।